● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 295, पृष्ठ : 08, सीधी, गुरूवार , 12 दिसम्बर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



राहुल का खटाखट मॉडल खटारा हो गया : अनुराग 5

दबाव पूरे शीर्ष क्रम पर है : वॉर्नर 6

## गीता जयंती पर जनकल्याण पर्व और जनकल्याण अभियान आरंभ होना सुखद संयोग : डॉ. यादव

### राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में लाल परेड ग्राउंड से हुआ राज्य स्तरीय कार्यक्रम

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि यह सुखद संयोग है कि गीता जयंती के अवसर पर प्रदेश में जनकल्याण पर्व और मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान का शुभारंभ हो रहा है। ग्यारह से 26 दिसंबर तक चलने वाले जनकल्याण पर्व में कई विकास कार्यों के भूमि-पूजन और लोकार्पण होंगे। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में आज से 26 जनवरी 2025 तक गरीब, युवा, किसान और महिलाओं को समृद्धि के नए अवसर उपलब्ध कराते हुए 34 हितग्राही मूलक योजनाओं, 11 लक्ष्य आधारित योजनाओं और 63 सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से घर-घर सर्वे किया जाएगा। अभियान से प्रत्येक पात्र व्यक्ति को




जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा। जनकल्याण पर्व के शुभारंभ पर प्रदेश की एक करोड़ 28 लाख लाड़ली बहनों के खातों में 1 हजार 572 करोड़ रूपए की राशि तथा गैस सिलेंडर रिफीलिंग की लगभग 350 करोड़ रूपए की राशि बहनों के खातों में अंतरित की गई। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में भी 55 लाख हितग्राहियों के खातों में 334.38 करोड़ की राशि भी सिंगल क्लिक से खातों में अंतरित की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनकल्याण पर्व और अभियान की शुभकामनाओं के साथ राशि अंतरण की बहनों को बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गीता जयंती के अवसर पर सस्वर गीता पाठ का विश्व रिकार्ड बनाने वाले आचार्यों तथा बटुकों का भी अभिवादन किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर प्रदेशव्यापी जनकल्याण पर्व और मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान का दीप प्रज्ज्वलित कर लाल परेड़ ग्राउंड से शुभारंभ किया। उन्होंने उपस्थित संतों का पुष्प वर्षा कर अभिवादन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल, उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा, सूक्ष्म लघु और मध्यम मंत्री श्री चैतन्य काश्यप, संस्कृति और पर्यटन मंत्री श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास सारंग, श्री हितानंद शर्मा, श्री रामेश्वर शर्मा, विधायक श्री भगवान दास सबनानी, महापौर श्रीमती मालती राय, विधायक नगर निगम सभापति श्री किशन सूर्यवंशी, श्री सुमित पचौरी, अन्य जन-प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता से जीवन सूत्र और मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए सभी देशों के लोग लालायित हैं। गूगल सर्च ईंजन बताता है कि विश्व में सर्वाधिक जिज्ञासा श्रीमद्भगवद् गीता के संबंध में ही है। विश्व के सभी धार्मिक ग्रंथों में गीता एकमात्र ऐसा ग्रंथ है, जो कर्म पथ, भक्ति मार्ग और शांति का संदेश देती है। सनातन संस्कृति और श्रीमद्भगवद्गीता जीवन की ऊथल-पुथल में शांति का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

## युवा का विजन ही सरकार का मिशन : पीएम मोदी

### पीएम मोदी ने स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन में युवाओं में भरा जोश

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने बुधवार को स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2024 के ग्रांड फिनाले में भाग लिया। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये हैकॉथान में शामिल हुए युवाओं को संबोधित किया। पीएम ने कहा कि मैंने हमेशा लालकिले से एक बात कही है कि सबका प्रयास। आज का भारत सभी के प्रयास से ही तेज गति से आगे बढ़ रहा है। स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के ग्रैंड फिनाले का मुझे बहुत इंतजार था। जब भी आप जैसे युवा इनोवेटर्स के बीच आने का मौका मिलता है तो मुझे भी बहुत कुछ जानने, सीखने और समझने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि युवा का विजन ही सरकार का मिशन है। इसलिए मेरे नौजवानों को जो भी चाहिए सरकार के रूप में हम उस दिशा में काम कर रहे हैं। मैंने लाल किले से कहा है कि देश की राजनीति में एक लाख ऐसे



युवाओं को लाऊंगा, जिनके परिवार से पहले कोई भी राजनीति में न रहा हो।

पीएम ने कहा कि युवा इनोवेटर्स के पास 21वीं सदी के भारत को लेकर एक अनूठा नजरिया है। जो नवाचार समाधानों की ओर ले जाता है। जब आपके सामने नई चुनौतियां आती हैं, तो आप असाधारण जवाब देते हैं। यही सबसे बड़ी और अनोखी बात है। मैंने पहले भी हैकाथॉन में भाग लिया है और आपने मुझे कभी निराश नहीं किया। आपने मेरा मनोबल बढ़ाया है। आपकी पिछली टीमों द्वारा प्रस्तुत समाधान अब विभिन्न मंत्रालयों में उपयोग किए जा रहे हैं, जिससे पूरे देश में महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि हर बच्चा खास होता है और उसे बढ़ने और फलने-फूलने का अवसर मिलना चाहिए। किसी को भी पीछे नहीं छोड़ा जाना चाहिए या खुद को उपेक्षित महसूस नहीं करना चाहिए। इसे हासिल करने के लिए, लगातार नए-नए समाधानों की आवश्यकता है। आपकी टीम के संबंधित समाधान लाखों बच्चों के जीवन को बदल देंगे। पीएम मोदी ने कहा कि भारत दुनिया की अग्रणी डिजिटल इकोनॉमी में से एक है। हमारा देश बड़े पैमाने पर डिजिटली कनेक्ट हो रहा है, ऐसे में साइबर क्राइम का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है, इसलिए जिन समाधानों पर आप काम कर रहे हैं, ये भारत के भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। आज देश में ड्रोन का अलग-अलग सेक्टर्स में बहुत इस्तेमाल हो रहा है।

## अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए केंद्र : ममता

**दीघा।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को केंद्र सरकार से बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की और यह भी कहा कि जो लोग वापस भारत आना चाहते हैं, उन्हें वापस लाया जाए। बनर्जी ने यह बात दीघा में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही। मुख्यमंत्री दीघा में जगन्नाथ मंदिर के निर्माण की प्रगति का जायजा लेने के लिए दो दिवसीय दौरे पर हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा, हम बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा चाहते हैं। केंद्र को इस



मामले में कदम उठाना चाहिए। उन्हें उन लोगों को भी वापस लाना चाहिए जो भारत आना चाहते हैं। ममता ने आरोप लगाया कि कुछ लोग जानबूझकर फर्जी वीडियो फैलाकर सांप्रदायिक तनाव पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं।

बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यक कुल आबादी का करीब आठ फीसदी हैं, जो हाल के महीनों में हिंसा का शिकार हुए हैं। इस साल अगस्त में शेख हसीना की अवामी लीग सरकार गिरने के बाद से बांग्लादेश में करीब 50 जिलों में हिंदू समुदाय पर हमले हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार को इस मुद्दे पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए और बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए।

विपक्षी नेताओं की ओर से इंडिया ब्लॉक की नेता के रूप में समर्थन मिलने पर ममता बनर्जी ने कहा, मैं सभी नेताओं की आभारी हूं, जिन्होंने सम्मान दिया है।

## अगले साल से सीधे एटीएम से निकाल सकेंगे अपने पीएफ का पैसा

**नई दिल्ली।** श्रम मंत्रालय देश के विशाल कार्यबल को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए अपने आईटी सिस्टम को अपग्रेड कर रहा है। अगले साल से ईपीएफओ ग्राहक सीधे एटीएम से अपने भविष्य निधि को निकाल सकेंगे। श्रम सचिव सुमिता डावरा ने मंगलवार को यह बात कही। श्रम सचिव ने कहा , हम दावों का तेजी से निपटान कर रहे हैं और जीवन को आसान बनाने और प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए काम कर रहे हैं। एक दावेदार, लाभार्थी या बीमित व्यक्ति न्यूनतम मानवीय हस्तक्षेप के साथ एटीएम के माध्यम से अपने दावों तक आसानी से पहुंच सकेगा।

## सदन में टीएमसी सांसद ने सिंधिया पर की विवादित टिप्पणी

### भाजपा ने किया हंगामा, कार्यवाही की मांग

**नई दिल्ली।** लोकसभा में बुधवार को टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पर विवादित टिप्पणी की। इसे लेकर भाजपा सांसदों ने सदन में हंगामा किया। इसके चलते सदन की कार्रवाई दो बार कुछ देर के लिए स्थगित की गई। मगर भाजपा सांसदों के हंगामे के बाद कार्यवाही को अगले दिन तक के लिए स्थगित कर दिया गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने टीएमसी सांसद की टिप्पणी को कार्यवाही से हटाने के निर्देश दिए हैं। उधर, भाजपा की महिला सांसदों ने केंद्रीय संसदीय कार्यमंत्री किरेन



रिजिजू से मुलाकात करके टीएमसी सांसद की शिकायत की। लोकसभा में बुधवार को आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक 2024 पर चर्चा चल रही थी। इस चर्चा में भाग लेते हुए तृणमूल कांग्रेस (टीमएसी) सांसद कल्याण बनर्जी ने केंद्र सरकार पर कोरोना महामारी के दौरान पश्चिम बंगाल सरकार की मदद न करने का आरोप लगाया। उनकी बात का केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने विरोध किया। इसे लेकर दोनों में तीखी नोंक-झोक होने लगी। बनर्जी ने सिंधिया के खिलाफ विवादित टिप्पणी की। इसके बाद भाजपा सांसदों ने हंगामा शुरू कर दिया तो सदन की कार्यवाही को दस मिनट के लिए स्थगित कर दिया। जब कार्यवाही दोबारा शुरू हुई तो टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने अपनी टिप्पणी के लिए माफी मांगी। इस पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वह अपने खिलाफ किए गए हमले और भारत की महिलाओं के खिलाफ दिए गए बयान पर सांसद की माफी स्वीकार नहीं करेंगे।

## सीएम के काफिले की गाड़ी पलटी

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के काफिले में तैनात एक गाड़ी को सामने से रॉन्ग साइड आ रही टैक्सी नंबर की गाड़ी ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में टैक्सी में सवार दो लोगों के साथ ही पांच अन्य लोग घायल हो गए। मुख्यमंत्री पहले खुद घायलों को महात्मा गांधी हॉस्पिटल लेकर गए। जानकारी के अनुसार सीएम के काफिले की एक गाड़ी समेत तीन वाहन आपस में टकराए हैं। इससे गाड़ी में मौजूद कुछ पुलिसकर्मियों को भी मामूली चोटें आई हैं। साथ ही हादसे में दो राहगीरों समेत तीन पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं।

## संत सियाराम बाबा पंचतत्व में विलीन

**खरगोन।** निमाड़ के प्रसिद्ध संत सियाराम बाबा पंचतत्व में विलीन हो गए। खरगोन में कसरावद के तेली भट्यान गांव में नर्मदा किनारे उनका अंतिम संस्कार किया गया। साधु-संतों ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस दौरान लाखों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने नम आंखों से उन्हें विदाई दी। सीएम डॉक्टर मोहन यादव भी अंतिम संस्कार में शामिल हुए।

इससे पहले सियाराम बाबा की उनके आश्रम से नर्मदा घाट तक अंतिम यात्रा निकाली गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने जय सियाराम के नारे लगाए। करीब तीन लाख लोगों ने बाबा के अंतिम दर्शन किए। दोपहर करीब तीन बजे सीएम डॉ. मोहन यादव ने आश्रम पहुंचकर बाबा को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने बाबा की समाधि व क्षेत्र को पवित्र और पर्यटन स्थल बनाने की घोषणा की। बता दें कि प्रसिद्ध संत सियाराम बाबा का 110 वर्ष की आयु में निधन हो गया। बाबा ने बुधवार को मोक्षदा एकादशी पर सुबह 6ः10 बजे अंतिम सांस ली। बाबा पिछले 10 दिन से निमोनिया से पीड़ित थे। निधन से देशभर में उनके अनुयायियों में शोक की लहर है।

## महाराष्ट्र के परभणी में संविधान के अपमान पर बवाल

**मुंबई।** महाराष्ट्र के परभणी से हिंसा और आगजनी की खबरें आ रही हैं। जानकारी के मुताबिक, यहां कुछ उपद्रवी तत्वों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के पास संविधान का अपमान किया। इससे लोग नाराज हो गए। अंबेडकर और संविधान का अपमान देख लोग भड़क गए। देखते ही देखते मामला तोड़फोड़ तक पहुंच गया। लोगों ने जमकर पत्थरबाजी की। नाराज भीड़ ने इलाके में कई जगह आगजनी की। हालात बेकाबू होते देख पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे।




वंचित बहुजन अघाड़ी के अध्यक्ष प्रकाश अंबेडकर ने घटना की निंदा की। उन्होंने कहा कि परभणी में जातिवादी मराठा उपद्रवियों ने बाबासाहेब की प्रतिमा पर भारतीय संविधान की धज्जिया उड़ाईं। यह बहुत ही शर्मनाक है। यह पहली बार नहीं है, जब बाबासाहेब और उनके द्वारा बनाए गए संविधान का अपमान किया गया है। वीबीए परभणी जिले के कार्यकर्ता सबसे पहले घटनास्थल पर पहुंचे और उनके विरोध प्रदर्शन के कारण पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। पुलिस ने उपद्रवियों में से एक को गिरफ्तार भी किया है।

पुलिस ने यह भी कहा कि हम सभी से कानून और व्यवस्था बनाए रखने का अनुरोध करता हूं। अगर अगले 24 घंटों के भीतर सभी उपद्रवियों को गिरफ्तार नहीं किया गया, तो परिणाम भुगतने होंगे। कार्यवाहक पुलिस अधीक्षक यशवंत काले ने कहा कि बुधवार दोपहर करीब एक बजे एक दुकान के बाहर पाइपों में आग लगा दी गई। जैसे ही भीड़ हिंसक हो गई, पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और उन्हें तितर-बितर किया। प्रदर्शनकारी मांग कर रहे थे कि पुलिस को पता लगाना चाहिए कि तोड़फोड़ की घटना के पीछे कौन था? स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के वासमत इलाके में भी बंद रहा। परभणी के डीएम रघुनाथ खांडू गावड़े ने कहा कि पुलिस प्रशासन सड़क पर है।

## चुनाव आयोग से केजरीवाल ने की शिकायत

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने चुनाव आयोग से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने एक पत्रकारों से वार्ता की। इस दौरान उन्होंने कहा, हम आभारी हैं चुनाव आयोग ने एक शॉर्ट नोटिस पर हमें मिलने का समय दिया। हमने इलेक्शन कमीशन के आगे तीन हजार पन्नों के सबूत रखे कि किस तरह भाजपा दिल्ली के मौजूदा लोगों के वोट कटवाने का षडयंत्र रच रही है और ये जो वोट कटवाये जा रहे हैं ये अधिकतर गरीब,



एससी, दलित, झुग्गी में रहने वाले और पूर्वांचली लोगों के हैं। अरविंद केजरीवाल ने कहा, आप सोच सकते हैं कि एक वोट का मतलब क्या होता है। एक वोट बनने से वो इस देश का नागरिक बनाता है, जब आप इस तरह किसी वैलिड आदमी का वोट कटवाते हैं तो उसका नागरिकता और इस देश में रहने का अधिकार आप छीन रहे हैं। इसके अलावा वोट के आधार कई लाभ उसे मिल रहे हैं। वोट कटवाकर उस लाभ से आप उस व्यक्ति को वंचित कर रहे हैं।

## जनता के हितों को ध्यान में रख कर लिए जाएंगे फैसले

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के 26वें गवर्नर के रूप में संजय मल्होत्रा ने बुधवार को पदभार संभाला। पद ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि आरबीआई जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए अपने फैसले लेगा, इसके अलावा पॉलिसी में स्थिरता लाने पर फोकस किया जाएगा। नए गवर्नर मल्होत्रा ने कहा कि मौद्रिक नीति प्रतिदिन लोगों को प्रभावित करती है। उन्होंने अपने पहले संबोधन में कहा कि गिरते हुए रुपये को रोकना एक चुनौती होगी, क्योंकि दुनिया में राजनीतिक अस्थिरता बढ़ रही है। बावजूद इसके भारतीय इकोनॉमी की ग्रोथ को आगे बढ़ाने पर आरबीआई की बड़ी भूमिका है, जिस पर हम लगातार काम करते रहेंगे।

## विवाह व्यक्ति के प्राकृतिक जीवन का अभिन्न अंग : सुको

### कोर्ट ने दिव्यांग महिला की मुआवजा राशि बढ़ाई



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि शादी या साथ रहना व्यक्ति के प्राकृतिक जीवन का एक अभिन्न हिस्सा। कोर्ट ने सड़क हादसे के कारण 75 फीसदी बौद्धिक अक्षम महिला को मिलने वाली मुआवजा राशि बढ़ाकर 50.87 लाख रुपये कर दिया। जस्टिस बी.आर.गवई और जस्टिस के.वी.विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि महिला उस समय साथ साल की थी, जब 2009 में यह दुर्घटना हुई थी और मेडिकल प्रमाणपत्र के मुताबिक वह मध्यम स्तर की बौद्धिक अक्षमता से पीड़ित है। पीठ ने कहा, उसका शरीर प्रभावी रूप से बढ़ता रहेगा, लेकिन वह हमेशा एक छोटी बच्ची जैसी ही रहेगी। कोर्ट ने कहा, अपीलकर्ता (महिला) ने न केवल अपनी बचपन की अवस्था खो दी है, बल्कि उसका वयस्क जीवन भी प्रभावित हो गया है। शादी और साथ रहना एक व्यक्ति के प्राकृतिक जीवन का अभिन्न हिस्सा है। हालांकि, कोर्ट ने यह भी माना कि महिला बच्चों बच्चों को जन्म देने में सक्षम हो सकती है। लेकिन उसे वैवाहिक जीवन के सामान्य सुखों का अनुभव करना लगभग असंभव होगा।

## राज्यसभा में व्यवधान का कारण खुद सभापति : खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन इंडिया ने राज्यसभा सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पर हमला बोला। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की वजह बताई। उन्होंने कहा कि राज्यसभा में नियमों से ज्यादा राजनीति हो रही है। सभापति पक्षपातपूर्ण व्यवहार करते हैं। राज्यसभा में व्यवधान का कारण खुद सभापति हैं। खरगे ने कहा कि सदन में राज्यसभा अध्यक्ष के आचरण ने देश की गरिमा को नुकसान पहुंचाया है। वह पदोन्नति के लिए सरकार के प्रवक्ता के रूप में काम कर रहे हैं। वह स्कूल के हेडमास्टर की तरह काम करते हैं। अनुभवी विपक्षी नेताओं को उपदेश देते हैं और उन्हें बोलने से रोकते हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि राज्यसभा अध्यक्ष का आचरण पद की गरिमा के विपरीत रहा है। वह विपक्षी नेताओं पर निशाना साधते हैं, अक्सर सरकार की प्रशंसा करते हैं। हमें मजबूरी में उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाना पड़ा। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हम राज्यसभा अध्यक्ष के व्यवहार और पक्षपात से तंग आ चुके हैं। इसीलिए हमने उन्हें हटाने का नोटिस दिया है। हमारे पास राज्यसभा अध्यक्ष के खिलाफ कुछ भी नहीं है, लेकिन उन्होंने हमारे पास उन्हें हटाने के लिए नोटिस के साथ आगे बढ़ने के



अलावा कोई विकल्प नहीं छोड़ा।

कांग्रेस अध्यक्ष बोले कि हमारी उनसे कोई व्यक्तिगत दुश्मनी या राजनीतिक लड़ाई नहीं है। हम देशवासियों को बताना चाहते हैं कि हमने लोकतंत्र, संविधान की रक्षा के लिए और बहुत सोच-समझकर यह कदम उठाया है। उपराष्ट्रपति भारत में दूसरा सबसे बड़ा सांविधानिक पद है। 1952 के बाद से उपराष्ट्रपति को हटाने के लिए कोई प्रस्ताव नहीं लाया गया है। क्योंकि सभी सभापति हमेशा निष्पक्ष और राजनीति से परे रहे हैं। उन्होंने हमेशा सदन को नियमों के अनुसार चलाया। लेकिन आज सदन में नियमों से ज्यादा राजनीति हो रही है। डीएमके सांसद तिरुचि शिवा ने कहा कि संसद में सत्ताधारी पार्टी द्वारा इस देश के लोकतंत्र पर जबरदस्त हमला किया जाता है और वे सभापति की ओर से संरक्षित होते हैं। यह बहुत दुखद है। हमने पहले भी अनुभव किया है जब भाजपा विपक्ष में थी और जब कांग्रेस भी विपक्ष में थी। जब भी विपक्षी नेता बोलने के लिए खड़े होते हैं या तुरंत बोलने की पेशकश करते हैं, तो विपक्षी नेता को मंच दिया जाता है और कोई भी बाधा नहीं डालता। देश में क्या चल रहा है, हमें बोलने की बिल्कुल भी अनुमति नहीं है। इसका मतलब है कि यह संसदीय लोकतंत्र और इस देश के लोकतंत्र के लिए एक झटका है।

आरजेडी सांसद मनोज झा ने कहा कि अविश्वास प्रस्ताव किसी व्यक्ति के बारे में नहीं है, बल्कि यह लोकतंत्र के मूल सिद्धांत की बहाली को लेकर है। अगर आपने पिछले दो दिनों की कार्यवाही देखी है, कुछ लोगों ने जिस भाषा का इस्तेमाल किया है, जिनका हम सम्मान करते हैं। यह न केवल पीड़ा देता है बल्कि हम यह भी सोचते हैं कि अगर आने वाले दिनों में सत्ता परिवर्तन होता है, तो क्या हम लोकतंत्र की मरम्मत और बहाली कर पाएंगे?

# कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित न रहे : विश्वामित्र



सिंगरौली। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान का मुख्य उद्देश्य शासन की जनकल्याण कारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों को समय सीमा में दिलाना है ,कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उक्त आशय के विचार विश्वामित्र पाठक विधायक सिहावल ने ग्राम पंचायत हटवा देवार्थ , हटवा खास एवं मुर्दाडीह में आयोजित मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में मुख्य अतिथि के तौर पर व्यक्त किए। प्रदेशव्यापी मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत विधानसभा क्षेत्र सिहावल के ग्राम पंचायत हटवा देवार्थ में शुभारंभ हुआ इसके बाद हटवा खास एवं मुर्दाडीह में शिविर आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर विधिवत शुभारंभ किया गया तत्पश्चात कन्या पूजन किया गया। कार्यक्रम में श्री शैलेश पांडेय सीईओ ने मुख्यमंत्री जनकल्याण पर्व/अभियान अंतर्गत शामिल योजनाओं एवं प्रदाय की जाने वाली सेवाओं से अवगत कराया। कार्यक्रम में उपस्थित श्री एस पी मिश्रा एसडीएम ने कहा कि आप सभी अपनी समस्याओं आवश्यकताओं से संबंधित आवेदन निर्धारित स्टाल में दें आपके आवेदन का पंजीयन पोर्टल पर होगा। आवेदन पर क्या कार्यवाही /निराकरण हुआ अवगत कराया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक विश्वामित्र पाठक ने अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के उद्देश्य , सम्मिलित 45 जन कल्याणकारी योजनाओं एवं प्रदाय की जाने वाली 63 सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि आप लोग योजनाओं की जानकारी लेकर पात्रतानुसार आवेदन करें आपका आवेदन पंजीकृत कर पोर्टल पर दर्ज होगा। शिविर में निराकरण योग्य आवेदनों का निराकरण यहीं पर कराकर आपको हितलाभ दिया जाएगा।शेष आवेदनों का निराकरण 26 जनवरी 2025 के पूर्व कराकर आपको योजना से लाभान्वित एवं सूचित किया जाएगा। आवेदन अस्वीकृत की दशा में भी अस्वीकृत के कारण से अवगत कराया जाएगा। क्षेत्रीय विधायक ने उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों से अभियान का व्यापक प्रचार प्रसार करने , सभी पात्र व्यक्तियों को योजनाओं से लाभान्वित कराने के लिए निर्देशित किया। शिविर में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, लाडली लक्ष्मी योजना के प्रमाणपत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर इंद्र सेन त्रिपाठी, बीईओ, दिनेश तिवारी नायब तहसीलदार, त्र्यंबकेश द्विवेदी एसडीओ पी एच ई, अखिलेश तिवारी बीएम एनआरएलएम, श्रीमती अनुसुइया वाजपेई सीडीपीओ, अतुल मिश्रा एसडीओ आरईएस, कामता तिवारी बीपीओ, श्रीमती उषागोपाल पटेल, श्रीमती रेनू रावत सरपंच हटवा देवार्थ, श्रीमती ममता पटेल सरपंच हटवाखास, श्रीमती मुन्नी देवी कोल सरपंच मुर्दाडीह, डॉ विजय तिवारी , अधिकारी कर्मचारी, हितग्राही बंधु एवं बड़ी संख्या मे गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# एनटीपीसी सिंगरौली मे राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह पर संत जोसेफ स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन



**सिंगरौली**। ऊर्जा संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एनटीपीसी सिंगरौली, शक्तिनगर के संत जोसेफ स्कूल में राष्ट्रिय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के उपलक्ष्य में छात्र-छात्राओं के लिए एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बीते 10 दिसंबर 2024 को हुए इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को ऊर्जा बचत के महत्व पर विचार करने और कला के माध्यम से इस विषय पर अपने रचनात्मक विचारों को व्यक्त करने के लिए प्रेरित करना था।यह कार्यक्रम एनटीपीसी सिंगरौली के ईईएमजी विभाग द्वारा शक्तिनगर टाउनशिप में स्कूल समुदाय को ऊर्जा संरक्षण में शिक्षित करने के उनके चल रहे प्रयासों के हिस्से के रूप में आयोजित किया गया था। यह प्रतियोगिता पूरे सप्ताह होने वाली कई गतिविधियों में से एक है।कार्यक्रम का समन्वय करने वाली श्रीमती मोनिका सिंह, उप महाप्रबंधक (ऊर्जा एवं दक्षता प्रबंधन समूह, एनटीपीसी सिंगरौली) ने कहा, हमारा लक्ष्य शिक्षा को रचनात्मकता के साथ जोड़ना है, छात्रों को ऊर्जा संरक्षण के महत्व को समझने में मदद करना और साथ ही उन्हें अपने विचारों को दृश्य रूप से व्यक्त करने का अवसर देना है। यह प्रतियोगिता एक बड़ी सफलता रही, और भाग लेने वाले प्रत्येक छात्र पर हमें गर्व है।इस कार्यक्रम को छात्रों और शिक्षकों दोनों ने खूब सराहा और एक स्पष्ट संदेश हर जगह गूंजता रहा- उज्ज्वल भविष्य के लिए ऊर्जा संरक्षण आवश्यक है, और हमारे ग्रह की रक्षा में हर किसी की भूमिका है।

# निवास पुलिस नाबालिक बालिका को दस्तायाब कर परिजनो को किया सुपूर्द




**सिंगरौली**। मप्र शासन व पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा महिलाओं व बच्चों के विरूध्द होने वाली घटनाओं में शीघ्र एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देश प्रसारित किया गया है। जिसको दृष्टिगत रखते हुये पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री द्वारा दिये दिये गये निर्देशों के पालन में जिला स्तरीय विशेष अभियान आपरेशन मुस्कान किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा जिला सिंगरौली, एसडीओपी देवसर राहुल सैयाम के कुशल मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी शेषमणि पटेल के सतत निगरानी मे चौकी प्रभारी निवास उपनिरी. मनोज सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा नाबालिक बालिका को दस्तायाब कर परिजनो को सुपुर्द किया गया। जानकारी मे बताया गया कि चौकी निवास थाना सरई का अपराध क्र.1100/24 धारा 137(2) बीएनएस 30 नवम्बर को कायम किया गया जिस पर चौकी निवास द्वारा अपहृता लडकी निशा जयसवाल उम्र 16 वर्ष सा. महुआगाव चौकी निवास थाना सरई जिला सिंगरौली मप्र की पता तलाश हेतु पुलिस टीम गठित करके अपहृता लडकी निशा जयसवाल को मऊगंज जिला मऊगंज से दस्तायाब किया गया अपहृता लड़की को दस्तायाच कर परिजनो को सकुशल सुपुर्द किया गया।

उक्त कार्यवाही मे चौकी प्रभारी निवास उप.निरी मनोज सिह सउनि त्रिवेणी पाल सउनि पुष्पा गिरी आर. प्रभात कुमार दुबे आर. विड्डू सिह आर रविराज सिंग चौकी निवास सायबर सेल आर. नन्दकिशोर आर. सोबाल वर्मा का सराहनीय योग्यदान रहा।

# अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में शामिल हुईं प्रभारी मंत्री,बच्चों के साथ किया नृत्य

## अजाक्स निशुल्क कोचिंग सेंटर के भवन का किया लोकार्पण, भोपाल और इंदौर की तर्ज पर मिलेंगी कोचिंग



**सिंगरौली**। जिले की प्रभारी मंत्री संपत्तियां उइके बुधवार को बैढ़न के उत्कृष्ट डिग्री कॉलेज में आयोजित अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुईं। वहीं श्रीकृष्ण परंपरा के आचार्य, विद्वानों के सानिध्य में श्रीमद् भगवद्गीता के 11वें, 12वें और 15वें अध्याय का सस्वर पाठ किया गया। इस दौरान कॉलेज की छात्राओं ने कृष्ण और राधा की वेशभूषा में महाभारत काल के कुछ दृश्यों को प्रस्तुत किया। वहीं कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री ने मानव जीवन पर गीता का कितना महत्व है। इस पर बोलते हुए कहा कि असल मायने में अगर हम गीता को अपने जीवन में धारण कर लें तो हमें कुछ और करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। हमारा जीवन दूसरों के लिए भी आदर्श बन जाएगा। वहीं कवित्री विजयलक्ष्मी शुक्ला ने कहा कि आयोजन भगवान श्रीकृष्ण द्वारा पवित्र भाव से जीवन के रहस्य की व्याख्या करने वाला संवाद श्रीमद्भगवद्गीता आज भी सबके लिए पाथेय और समसामयिक हैं। हमारे लिए श्रीमद्भगवद्गीता न केवल पवित्र ग्रंथ अपितु जीवन की सार्थकता को सिद्ध करने का मार्ग भी है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भगवद् गीता भारतीय के दर्शन और चिंतन का मूल आधार है, जो सद्कर्म के माध्यशम से मनुष्यव को अपने में ही दिव्ता का अनुभव करा देती है। यह समस्त मानव समाज को स्वभ-धर्म का आत्म -बोध देती है, यह सच्चे कर्तव्य पथ की ओर प्रशस्त् करती है। साथ ही विरासत से विकास की संकल्पना के मूल विचार में सनातन परम्पराएँ, मान्यरताएँ और उसके कल्यासणकारी सामाजिक परिणाम रहे है। कार्यक्रम के दौरान भोपाल से मुख्यमंत्री मोहन यादव के उद्बोधन को भी सुनाया गया। कार्यक्रम में देवसर विधायक राजेंद्र मेश्राम, सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह, महापौर रानी अग्रवाल, देवसर जनपद अध्यक्ष प्रणव पाठक सहित कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला, एसपी मनीष खत्री सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं। कॉलेज की छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी भाषा के गानों पर मनमोहक नृत्य भी प्रस्तुत किया। इस नृत्य को देखकर प्रभारी मंत्री संपत्तियां उइके खुद को रोक नहीं पाईं और वह भी बच्चों के साथ झूम उठी। वहीं पालक मंत्री ने प्रस्तुति में शामिल 20 छात्रों को 1-1 हजार रुपए नगद पुरूस्कार देकर हौसला अफजाई किया।

इसके बाद मंत्री उइके बैढन में अजाक्स के संचालित निशुल्क करियर कोचिंग सेंटर पहुंची। जहां उन्होंने एक बड़े हॉल का लोकार्पण किया। इस हॉल के बन जाने से यहां 100 से ज्यादा बच्चे बैठकर करियर कोचिंग में पढ़ाई कर सकेंगे। मंत्री ने कहा कि यह बहुत ही नेक कार्य है। यहां पर वह बच्चे जो गरीब हैं। भोपाल और इंदौर कोचिंग करने के लिए नहीं जा सकते हैं। उन्हें यहां नीट, आईएएस, आईपीएस की कोचिंग पढ़ाई जा रही है। आईएएस और आईपीएस आकर ट्रेनिंग दे रहे हैं। सरकार भी हर तरह से ऐसे प्रतिभावान बच्चों के साथ खड़ी है जो आईएएस आईपीएस बनना चाहते हैं।

# पुलिस ने 2 नफर आरोपियो को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**सिंगरौली**। पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के दिशा निर्देश एंव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक पीएस परस्ते व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अशोक सिंह परिहार के सतत निगरानी मे दो अलग अलग प्रकरणो मे 2 नफर फरार आरोपियो को किया गया गिरफ्तार किया गय ।

जानकारी मे बताया गया कि बीते 28 जुलाई को सूचनाकर्ता जगजीवन साकेत पिता छोटक साकेत उम्र 50 वर्ष नि. ग्राम चितरवई खुर्द चौकी खुटार का चौकी आकर मौखिक सूचना दिया कि मेरा छोटा भाई रामसजीवन साकेत घर से सुबह गांव के विष्णु राम पाण्डेय के खेत को बैल से जोतने के लिए गया था। मैं बकरी चराने गया था। तभी मेरा लड़का बृहस्पति साकेत मुझे आकर बताया कि चाचा रामसजीवन की बिजली करंट लगने से मृत्यु हो गयी कि सूचना पर मर्ग क्र. 102/24 धारा 194 बीएनएसएस कामय कर जांच मे लिया गया। जांच दौरान, कथन सूचनाकर्ता एवं गवाहान, निरीक्षण घटना स्थल, तैयार नजरी नक्शा, शव पंचायतनामा कार्यवाही, तैयार जप्ती पत्रक, प्राप्त पीएम रिपोर्ट, प्राप्त विद्युत कनेक्शन संबंधी जानकारी आदि से पाया गया कि मृतक रामसजीवन साकेत पिता छोटक साकेत उम्र 45 वर्ष नि. ग्राम चितरवई खुर्द की मृत्यु गुलाबराम पाण्डेय द्वारा अपने खेत पर सिंचाई हेतु लगाई गयी मोटर पम्प के संचालन हेतु असुरक्षित तरीके से लगाये गये कटिया विद्युत तार एवं उसी के नीचे से झटका मशीन के तार से करंट लगने से होना पाया गया। गुलाबराम पाण्डेय द्वारा यह जानते हुए कि कटिया तार खेत में लगाने व कटिया तार से लगी हुई झटका मशीन के तार में करंट होने से किसी की मृत्यु हो सकती है। फिर भी गुलाबराम पाण्डेय द्वारा अपने खेत पर विद्युत प्रवाहित कटिया तार व कटिया तार के नीचे झटका मशीन का तार लगाया गया था। जो अपराध धारा 105 बीएनएस घटित पाये जाने से गुबालराम पाण्डेय पिता स्व. तुलाराम पाण्डेय नि. ग्राम चितरवई खुर्द के विरुद्ध अपराध क्रमांक 1290/24 धारा 105 बीएनएस एवं 135 विद्युत अधि0 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी घटना दिनांक से लगातार 2 माह से फरार था। जिसे कड़ी मशक्त के बाद आरोपी गुबालराम पाण्डेय पिता स्व. तुलाराम पाण्डेय उम्र 50 वर्ष निवासी चितरवई खुर्द को गिरफ्तार कर जेआर पर न्यायालय पेश किया गया । जहां उसे जेल भेज दिया गया।वही 2 दिसम्बर को फरियादी अखिलेश पाण्डेय पिता स्व. विश्वनाथ प्रसाद पाण्डेय उम्र 40 वर्ष निवासी ढेकी उपस्थित चौकी आकर मौखिक रिपोर्ट लेख कराया कि 30 नवम्बर के समय करीबन 1 बजे रात्रि मै अपने घर के पास बने खलिहान मे था। उसी समय मेरे गांव का अरविन्द पाण्डेय आया और मुझसे बोला कि मुझे शराब पीने के लिये 500 रुपये दे दो। मै शराब पीने के लिये पैसा देने से मना किया और मैं अपने घर जाने लगा तो अरविन्द पाण्डेय मेंरे धान के खरही मे माचिस से आग लगा दिया। आग लगने से खलिहान में रखी 40 क्विंटल धान की फसल जलकर नष्ट हो गया है। जिससे मेरा करीबन 80,000 रुपये का नुकसान हुआ है। कि रिपोर्ट पर अपक्र. 1574/24 धारा 119 (1), 326 (च) बीएनएस कायम कर विवेचना मे लिया गया। दौरान विवेचना आरोपी अरविन्द पाण्डेय पिता स्व. बबुआराम पाण्डेय को गिरफ्तार कर जेआर पर न्यायालय पेश किया गया। जहां उसे जेल भेज दिया गया। उक्त कार्यवाही मे चौकी प्रभारी उपनिरी. साहबलाल सिंह परिहार के नेतृत्व मे सउनि. विश्वनाथ रावत, प्र.आर. रामदरश साकेत, गणेश मीणा, रावेन्द्र सिंह आर. गौरव यादव, आर. विनोद शाक्य, आर. राजेश यादव एवं आर उमेश आहिरवार की महत्तपूर्ण भूमिका रही।

# केंद्रीय विद्यालय जयंत में वार्षिक खेल दिवस का शानदार आयोजन संपन्न



**सिंगरौली**। केंद्रीय विद्यालय सी डब्ल्यू एस,जयंत में वार्षिक खेल दिवस का भव्य आयोजन किया गया।जिसमें विद्यालय के चेयरमैन आनंद मूर्ति महाप्रबंधक सीडब्ल्यूएस जयंत मुख्य अतिथि के रूप में एवं श्रीमती प्रीति शर्मा प्राचार्य केंद्रीय विद्यालय शक्तिनगर, एस एस थापर प्राचार्य डीपीएस निगाही, अमिताभ श्रीवास्तव प्राचार्य डीएवी दुधिचुआ, गणेश सिंह विशाल की गरिमामय उपस्थित रहीं। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा सीसीए हाल में कबड्डी का एक प्रतीकात्मक मैच आयोजन कर कबड्डी मैट का उद्घाटन किया गया। इसके बाद प्लेग्राउंड में क्रिकेट पिच का उद्घाटन मुख्य अतिथि के कर-कमलों द्वारा किया गया। केंद्रीय विद्यालय सी डब्ल्यू एस जयंत के प्राचार्य मुकेश सिंह भदौरिया द्वारा अतिथियों का पुष्प-गुच्छ प्रदान कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात बच्चों द्वारा योग का शानदार प्रदर्शन एवं मराठी वेशभूषा में नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य जनों का ध्यान आकृष्ट किया। खेल प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ गणमान्य अतिथियों द्वारा रंग बिरंगे गुब्बारे हवा में छोड़कर किया गया । प्रथम प्रतियोगिता 100 मीटर रेस से हुई,जिसमें बालक वर्ग एवं बालिका वर्ग सहभागिता की । प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त विद्यालय के उन विद्यार्थियों को भी अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया जिन्होंने खो-खो प्रतियोगिता में अपने क्षेत्रीय संभाग जबलपुर में द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं कबड्डी प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभागिता की। प्राचार्य मुकेश सिंह भदौरिया के स्वागत वक्तव्य के पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा आशीर्वचन वक्तव्य में विद्यालय के शैक्षणिक व खेल प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन की प्रशंसा की और भविष्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं भी दी।

# आप के जिलाध्यक्ष ने प्रभारी मंत्री से की मुलाक़ात, सौपा माँग पत्र

**सिंगरौली**। सिंगरौली जिले में कई औद्योगिक कम्पनियों कार्य कर रही है। लेकिन सिंगरौली में पब्लिक सेक्टर सड़क से कोल परिवहन करने से हर रोज बेलगाम कोल वाहन से किसी न किसी के घर का चिराग बुझ जाता है, जो सिंगरौली जिले के लिए अत्यन्त दुर्भाग्य का विषय है। इसी मुद्दे को लेकर आप पार्टी के जिलाध्यक्ष रतिभान प्रसाद ने जिले की प्रभारी मंत्री से मुलाक़ात कर माँगपत्र सौंपा। माँगपत्र मे कहा है कि सिंगरौली जिले में पब्लिक सेक्टर सड़क से कोल परिवहन पूर्णत: बन्द कराया जाय जिससे जिले के मानव परिवार को कोल परिवहन के एक्सीडेन्ट (आकस्मिक) मृत्यु से बचाया जा सके।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद त्योंथर जिला रीवा (म.प्र.)

क्रमांक/1401/ई-टेण्डरिंग/न.परि./2024 त्योंथर दिनांक- 10/12/2024

**प्रथम एवं (सेक्सन-1) ई निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक & जारी दिनांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर रशि (रू.में) | निविदा प्रपत्र शुल्क (रू.में) | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_UAD_387306_1 | एसडीआरएफ योजना अन्तर्गत वार्ड क्र. 08 में छोटी मस्जिद से दक्षिणी माता मंन्दिर तक नाला निर्माण | 64.43 | 48320.00 | 10000.00 | 3 (माह) |
| 2 | 2024_UAD_387307_1 | सी एम अधोसंरचना योजना अन्तर्गत वार्ड क्र. 05 में पीसीसी रोड निर्माण | 38.78 | 29085.00 | 5000.00 | 3 (माह) |

दिनांक 10/12/2024 को सायं 5:30 बजे से दिनांक 10/01/2025 को सायं 5.30 बजे तक बेवसाईट पर आनलाइन भुगतान कर प्राप्त हो सकेंगे, विस्तृत निविदा सूचना तथा अन्य जानकारी वेवसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद त्योंथर,
जिला रीवा (म.प्र.)

## कार्यालय नगर परिषद सिरमौर जिला- रीवा (म.प्र.)

क्रमांक /1343/निविदा आमंत्रण/2024 सिरमौर, दिनांक 09.12.2024

**तृतीय- निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि व लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2024_UAD_387137_1 | वार्ड क्रमांक 05 में क्योंटी रोड के दोनों तरफ क्योंटी मोड से लालमणि प्रजापति के घर तक कवर्ड नाली निर्माण कार्य | 03 माह लागत रू. 6626061.00 | 10000.00 एवं अमानत राशि 49695.00 | 09.12.2024 से 24.12.2024 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in/ पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

(श्री संदीप सिंह)
अध्यक्ष
नगर परिषद सिरमौर
जिला-रीवा (म.प्र.)

(श्री संतोष कुमार सिंह)
मुख्य नगर पालिक अधिकारी
नगर परिषद सिरमौर
जिला-रीवा (म.प्र.)

# मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान का हुआ शुभारंभ

## शत प्रतिशत हितग्राहियों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करना सुनिश्चित करें : विधायक

**सीधी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देशानुसार प्रदेश के साथ-साथ सीधी जिले में भी मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान तथा जन कल्याण पर्व का शुभारंभ किया गया। जनपद पंचायत सीधी के ग्राम पंचायत सरेठी में विधायक सीधी रीती पाठक के मुख्य आतिथ्य तथा जनपद पंचायत सीधी के अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह परिहार की अध्यक्षता में अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत शिविर सम्पन्न हुआ।

विधायक सीधी श्रीमती पाठक ने कहा कि लोगो के जीवन में खुशहाली लाने तथा केन्द्र सरकार और राज्य शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रत्येक पात्र हितग्राही को लाभान्वित करने मुख्यमंत्री जी की पहल पर मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान का संचालन किया जा रहा है। इसमें प्रत्येक ग्राम पंचायत और नगरीय क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में शिविर आयोजित किए जाएंगे। संपर्क दल घर-घर सर्वे कर छूटे हुए पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन करेंगे तथा समय-सीमा में प्रत्येक पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन करेंगे तथा समय-सीमा में प्रत्येक पात्र हितग्राही को लाभान्वित करना सुनिश्चित करेंगे। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री जी तथा मुख्यमंत्री जी की मंशानुसार अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। सभी अधिकारी अभियान को पूरी गंभीरता से लें। शिविर की व्यवस्थाएं दुरूस्त रखें। शिविर के पहले ग्राम वासियों को सूचित करें, पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन कर उनके आवेदन प्राप्त कर लें तथा शिविर के दि नही उन्हें लाभान्वित करनेकी कार्यवाही करें। यह एक कामकाजी शिविर है इसके सकारात्मक परिणाम मिलने चाहिए तथा लोगों के जीवन में खुशहाली आनी चाहिए। अभियान के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं है। उन्होने आवेदनों के निराकरण की प्रगति से प्रति सप्ताह अवगत कराने के निर्देश दिए हैं।




विधायक ने ग्रामीणजनों को शासन की योजनाओं के प्रति जागरूक रहने तथा अधिकारपूर्वक योजनाओं का लाभ प्रत्येक हितग्राही तक पहुंचाने में सहयोग करने की अपील की है। विधायक ने कहा कि हमें एक दूसरे पर विश्वास रखना होगा और मिलकर क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करना होगा। विधायक ने क्षेत्र के लिए किए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी ग्रामवासियों को दी। उन्होने ग्रामवासियों को उनके क्षेत्र में हो रहे कार्यों की निगरानी रखने तथा ग्रामसभा में सहभागिता करने के लिए कहा।

प्रदेश में लाडली बहना योजना के सफल संचालन के लिए मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त किया तथा राशि प्राप्त होने पर बहनों को शुभकामनाएं दी। विधायक ने कहा कि प्रदेश की मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना से बहनों का मान, सम्मान और आत्मबल बढ़ा है। इस योजना की सफलता को देखकर दूसरे प्रदेशों में भी इसका क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में हमारा प्रदेश नितनए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। प्रधानमंत्री जी विश्व के सबसे शक्तिशाली नेता है। उन्होने पूरे विश्व में भारत देश का मान बढ़ाया है। राम मंदिर का निर्माण करके देशवासियों को सौगात दी है वहीं तीन तलाक को समाप्त कर महिला सशक्तिकरण की दिशा में पहल की है। उन्होने जो भी कहा उसे करके दिखाया है। जनपद अध्यक्ष श्री परिहान ने कहा कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान आदिवासी बाहुल्य ग्रामों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। अब मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान से छूटे हुए हितग्राहियों को लाभान्वित कर शत-प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त किया जाएगा।

शिविर में उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अशोक तिवारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा सभी योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। शिविर में स्वास्थ्य विभाग के 5, प्रधानमंत्री आवास के 16, राजस्व विभाग के 9, पशुपालन विभाग के 5, महिला बाल विकास विभाग के 9, पीएचई के 5, ऊर्जा विभाग के 3 तथा वन विभाग का 1 कुल 53 आवेदन प्राप्त हुए। विधायक ने खराब हैण्डपंपो को एक सप्ताह के अंदर सुधारने, खराब ट्रांसफार्मर बदलने तथा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत खन्धो ग्राम में विद्युतीकरण, सड़क निर्माण तथा विद्यालय के उन्नयीकरण की कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

कार्यक्रम में जनपद सदस्य प्रदीप सिंह, सरपंच शांती सिंह, पुनीत नारायण शुक्ल, विश्वबंधुधर द्विवेदी, पुष्पराज सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत चन्द्रशेखर सिंह सहित जनप्रतिनिधिगण खण्ड स्तरीय अधिकारी तथा ग्रामीणजन उपस्थित रहें।

# गीता से जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है : डॉ. प्रजापति



**सीधी।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार संजय गांधी स्मृति अग्रणी महाविद्यालय सीधी के प्राचार्य डॉ. पी.के. सिंह के मार्गदर्शन में शासकीय महाविद्यालय मड़वास में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर ''गीता का महत्व'' विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. मनोज मिश्रा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री कृष्णलाल पयासी सदस्य जिला पंचायत सीधी उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आई.पी. प्रजापति ने की। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ मनोज मिश्रा ने कहा कि हमें गीता से प्रेरणा लेकर अच्छे कर्म करना चाहिये जिससे समाज का देश का भला हो सके। कार्यक्रम में अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए डॉ. आई.पी. प्रजापति ने कहा कि गीता से हमे जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है और हमे बहुत कुछ सीखने को मिलता है।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. दीपक अग्निहोत्री ने तथा आभार प्रदर्शन डॉ रामधारी जायसवाल ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार के डॉ राजेश पटेल डॉ कमलेश जायसवाल डॉ पंकज मिश्रा डॉ सुरेंद्र गुप्ता प्रो. प्रवीण कुमार डॉ संगीता मिश्रा डॉ पूजा गर्ग डॉ लक्ष्मीकांत कुशवाहा डॉ आकांक्षा मिश्रा डॉ सौरभी गुप्ता डॉ ज्योति रजक डॉ अमिता खरे डॉ संध्या वर्मा श्री अनिल केवट सहित महाविद्यालय के छात्र/छात्राये उपस्थित थे।

# जिले को मिले डीएपी के साथ अन्य फास्फेटिक उर्वरक

**सीधी।** उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने जानकारी देकर बताया है कि सीधी जिले में किसानों के रबी कृषि कार्य हेतु डीएपी उर्वरक की कमी की पूर्ति हेतु रीवा रैक प्वाइंट से सीधी जिले को 450 मै.टन डीएपी, 500 मै.टन एपीएस, 250 मै.टन टीएसपी एवं बरिगवां रैक प्वाइंट से 500 मै.टन डीएपी प्राप्त हुआ है, जिले में पर्याप्त उर्वरक का भण्डारण हो चुका है। किसी भी प्रकार के उर्वरक की कमी जिले में नहीं है। वर्तमान समय पर जिले में डीएपी के साथ-साथ यूरिया 3056, एनपीके 564 एवं सुपर फास्फेट 108 मे.टन उपलब्ध है। डीएपी विकल्प के रूप में किसान भाई एपीएस 20:20:0:13 एवं नैनो डीएपी उर्वरक का प्रयोग करें। यह उर्वरक विपणन संघ के गोदाम एवं निजी विक्रेताओं के पास उपलब्ध है। उन्होने जिले के किसान भाइयों से अपील की गई है कि वे रबी कृषि कार्य हेतु अपनी आवश्यकतानुसार नजदीकी उर्वरक विक्रय केन्द्र से निर्धारित दर पर समय से उर्वरकों का उठाव करने का कष्ट करे, ताकि उर्वरक को लेकर उन्हे किसी प्रकार की परेशानी न उठानी पड़े। उर्वरक के संबंध में किसी प्रकार की समस्या अथवा शिकायत के लिए किसान भाई अपने क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी या अपने विकास खण्ड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी से सम्पर्क कर सकते है।

# हथकरघा एवं दस्तकारी सहकारी समिति मर्या. भरतपुर की सदस्यता सूची का प्रथम प्रकाशन किया गया

**सीधी।** रजिस्ट्रीकरण अधिकारी हथकरघा एवं दस्तकारी सहकारी समिति मर्या. भरतपुर ने जानकारी देकर बताया है कि म.प्र. राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी एम.बी. ओझा द्वारा हथकरघा एवं दस्तकारी सहकारी समिति मर्या. भरतपुर का रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बी.के. सोंधिया को नियुक्त किया गया है। सोसाइटी की सदस्यता सूची का प्रकाशन सोसायटी कार्यालय के नोटिस बोर्ड उप/सहायक पंजीयक सहकारी सोसाइटीयें संबंधित विकास खण्ड कार्यालय के सूचना पटल पर दिनांक 11.12.2024 को किया गया है यदि किसी भी सदस्य को इस पर कोई आपत्ति को तो दिनांक 11.12.2024 से दिनांक 18.12.2024 तक सोसाइटी कार्यालय या कार्यालय उप आयुक्त सहकारिता सीधी में सप्रमाण लिखित में प्रस्तुत कर सकते है।

# कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित न रहे : विश्वामित्र

## मुख्यमंत्री जनकल्याण अंतर्गत हटवा देवार्थ, हटवा खास, मुर्दाडीह मे कार्यक्रम आयोजित

**सीधी।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान का मुख्य उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों को समय सीमा में दिलाना है ,कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उक्त आशय के विचार श्री विश्वामित्र पाठक विधायक सिहावल ने ग्राम पंचायत हटवा देवार्थ, हटवा खास एवं मुर्दाडीह में आयोजित मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में मुख्य अतिथि के तौर पर व्यक्त किए। प्रदेशव्यापी मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत विधानसभा क्षेत्र सिहावल के ग्राम पंचायत हटवा देवार्थ में शुभारंभ हुआ। इसके बाद हटवा खास एवं मुर्दाडीह में शिविर आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर विधिवत शुभारंभ किया गया तत्पश्चात कन्या पूजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक श्री पाठक ने मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के उद्देश्य, सम्मिलित 45 जनकल्याणकारी योजनाओं एवं प्रदाय की जाने वाली 63 सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि आप लोग योजनाओं की जानकारी लेकर पात्रतानुसार आवेदन करें आपका आवेदन पंजीकृत कर पोर्टल पर दर्ज होगा। शिविर में निराकरण योग्य आवेदनों का निराकरण यहीं पर कराकर आपको हितलाभ दिया जाएगा। शेष आवेदनों का निराकरण 26 जनवरी 2025 के पूर्व कराकर आपको योजना से लाभान्वित एवं सूचित किया जाएगा। आवेदन अस्वीकृत की दशा में भी अस्वीकृत के कारण से अवगत कराया जाएगा। क्षेत्रीय विधायक ने उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों से अभियान का व्यापक प्रचार प्रसार करने, सभी पात्र व्यक्तियों को योजनाओं से लाभान्वित कराने के लिए निर्देशित किया। कार्यक्रम में उपस्थित एस पी मिश्रा एसडीएम ने कहा कि अपनी समस्याओं /आवश्यकताओं से संबंधित आवेदन निर्धारित स्टाल में दें आपके आवेदन का पंजीयन पोर्टल पर होगा। आवेदन पर क्या कार्यवाही/निराकरण हुआ अवगत कराया जाएगा। शैलेश पाण्डेय सीईओ जनपद पंचायत ने मुख्यमंत्री जनकल्याण पर्व/ अभियान अंतर्गत शामिल योजनाओं एवं प्रदाय की जाने वाली सेवाओं से अवगत कराया।



शिविर में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, लाडली लक्ष्मी योजना के प्रमाणपत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर रेनू रावत सरपंच हटवा देवार्थ, ममता पटेल सरपंच हटवाखास, मुन्नी देवी कोल सरपंच मुर्दाडीह, इंद्र सेन त्रिपाठी बीईओ, दिनेश तिवारी नायब तहसीलदार, त्र्यंबकेश द्विवेदी एसडीओ पी एच ई, अखिलेश त्रिपाठी बीएम एनआरएलएम, अनुसुइया वाजपेई सीडीपीओ, अतुल मिश्रा एसडीओ आरईएस, कामता तिवारी बीपीओ, उषागोपाल पटेल, डॉ विजय तिवारी, अधिकारी कर्मचारी, हितग्राही बंधु एवं बड़ी संख्या मे ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# मझौली में होगा दिव्यांगों के चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर का आयोजन

**सीधी।** राज शिक्षा केंद्र भोपाल के द्वारा एलिमको जबलपुर के सहयोग से सीधी जिले के विकासखंड मझौली में शासकीय माध्यमिक विद्यालय डोकर बंधा न्यायालय (मजिस्ट्रेटी) के पास मझौली में कल 13 दिसंबर को निःशुल्क चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें सर्व शिक्षा अभियान के तहत कक्षा 1 से 8 तक अध्यनरत सभी दिव्यांग बच्चों का चिकित्सा मूल्यांकन शिविर में एलिमको जबलपुर विशेषज्ञों द्वारा दिव्यांग छात्रों की जांच कर उपकरण हेतु चिन्हित किया जाएगा जिसमें जिला मेडिकल बोर्ड के विशेषज्ञ बैठेंगे और मेडिकल प्रमाण पत्र दिव्यांग छात्रों का बनाएंगे इसमें ऐसे सभी दिव्यांग छात्र एवं छात्रों को बुलाया गया है जिसमें जिनका मेडिकल प्रमाण पत्र बना हुआ है एवं जिनके मेडिकल प्रमाण पत्र नहीं बना हुआ है वह सभी आएंगे जाएगा एवं जिनके अंबेडकर प्रमाण पत्र नहीं बना है उनका मेडिकल प्रमाण पत्र बनाया जाएगा एवं उपकरण हेतु चिन्हित किया जाएगा अत: सभी शिक्षकों संस्था प्रमुख के माध्यम से सूचित किया गया है एवं पंचायत की सचिवों सरपंच पंच सभी सूचित हो और अपने-अपने क्षेत्र में जो कक्षा एक से आठ तक अध्ययन दिव्यांग छात्र हैं एवं दो जो दिव्यांग विद्यालय में अध्यनरत नहीं है और 1 से 14 वर्ष की उम्र है वह बच्चों को भी इस शिविर में लाना सुनिश्चित करें जिससे उनका भी प्रवेश दिलकर शासन के योजनाओं का लाभ दिलाया जा सके उन सभी को चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर में भिजवाना सुनिश्चित करें या चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर जनपद शिक्षा केंद्र के अंतर्गत माध्यमिक विद्यालय डोकर बंधा न्यायालय के बगल में होगा।

# मानवाधिकार दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**सीधी।** विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन जिला इकाई सीधी द्वारा राष्ट्रीय कल्याण सचिव एवं मध्यप्रदेश प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अजय चौधरी के मुख्य आतिथ्य में सीधी जिला के हाई स्कूल गोतरा विद्यालय में मानवाधिकार जागरूकता एवं योग प्रशिक्षण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अजय चौधरी जी द्वारा मानवाधिकार के उद्देश्य पर वृहद प्रकाश डाला गया और स्वास्थ्य के प्रति जड़ी बूटियों का महत्व और योग का प्रशिक्षण कराया गया। विशिष्ट तिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश कल्याण सचिव राकेश मौर्य के द्वारा मानवाधिकार के महत्व और मानवाधिकार में अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया। और सामाजिक संरक्षण प्रमुख रामेश्वर पांडे द्वारा समाज के विभिन्न वर्गों तक मानवाधिकार के कार्यों को कैसे पहुंचाना है और उसका क्रियान्वयन कैसे करना है इस विषय पर प्रकाश डाला गया। जिला मीडिया प्रभारी अरुण दुबे द्वारा युवाओं में मानवाधिकार के संबंध में प्रचार प्रसार एवं जागरूकता संबंधी विषयों पर चर्चा की गई।

# मंडल अध्यक्षों की रायशुमारी जारी

**सीधी।** भारतीय जनता पार्टी संगठन पर्व के अंतर्गत सफलतापूर्वक बूथ अध्यक्षों के चुनाव सम्पन्न होने के पश्चात मंडल अध्यक्षों की चुनाव प्रक्रिया जारी है। जिसके अंतर्गत विभिन्न मंडलों के निर्वाचन हेतु बूथ अध्यक्षों की रायशुमारी सम्पन्न हुई। निर्वाचन प्रक्रिया के प्रथम चरण रायशुमारी होने के पश्चात पार्टी कार्यालय में दस्तावेज जमा कराये गये। जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान, जिला सह निर्वाचन अधिकारी बृज बिहारी लाल शर्मा, मोतीलाल पटेल की विशिष्ट उपस्थित रही। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे ने बताया कि विभिन्न मंडलों में संगठन पर्व सहयोगी अनिल पाण्डेय, अशोक पटेल, श्रीमती सरस्वती बहेलिया, सुरेश सिंह चौहान, संजय सिंह चौहान, लोरिक प्रसाद यादव, विनय सिंह चौहान, संदीप द्विवेदी, अमलेश्वर चतुर्वेदी, प्रमोद द्विवेदी, चन्द्रपाल सिंह उइके, श्रीमती अंजू पाठक, डॉ.मनोज मिश्रा एवं शिवदान साकेत ने बूथ अध्यक्षों की मंडल अध्यक्षों के लिये रायशुमारी ली।

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला-सीधी (म0प्र0)**

क्रमांक-पुअ/सीधी/रनि/ 8551 /2024 दिनांक 09-12-2024

**खुली निविदा आमंत्रण विज्ञप्ति**

जिला सीधी पुलिस पुलिस विभाग अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में आवासों मे मरम्मत कार्य करवाये जाने हेतु तकनीकी एवं वित्तीय खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की शर्तें एवं अन्य जानकारी रक्षित केंद्र सीधी से प्राप्त कर सकते है।

**समय सारणी**

| | |
|---|---|
| निविदा प्रारंभ दिनांक | 09.12.2024 |
| निविदा की समाप्ति दिनांक/समय | 18.12.2024/15:00 बजे तक |
| निविदा विभागीय समिति के समक्ष खोलने का दिनांक/समय | 18.12.2024 समय 16:00 बजे |

**कार्य का विवरण**

| क0 | आवासगृह का नाम | मरम्मत कार्य का नाम | स्वीकृति राशि | कार्य की अवधि(कार्यादेश जारी होने के दिनांक से ) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | न्यू पुलिस कॉलोनी आवास कमांक बी2 | 02 नग चौखट, 02 नग दरवाजे बदलवाये जाने का कार्य | 28229 | 30 दिवस |
| 02 | न्यू पुलिस कॉलोनी आवास कमांक बी3 | 02 नग खिडकी, बाथरूम टाईल्स एवं सेनेट्री फिटिंग का कार्य। | 42186 | 30 दिवस |
| 03 | न्यू पुलिस कॉलोनी आवास कमांक बी4 | 02 नग चौखट, 02 नग दरवाजा बदलवाये जाने का कार्य। | 26738 | 30 दिवस |
| 04 | न्यू पुलिस कॉलोनी आवास कमांक सी1 | 02 नग चौखट, 02 नग दरवाजा बदलवाये जाने का कार्य। | 25246 | 30 दिवस |
| 05 | न्यू पुलिस कॉलोनी आवास कमांक सी3 | 02 नग चौखट, 02 नग दरवाजा बदलवाये, बाथरूम टाईल्स एवं सेनेट्री फिटिंग का कार्य। | 39204 | 30 दिवस |
| 06 | न्यू पुलिस कॉलोनी आवास कमांक सी4 | 02 नग चौखट, 02 नग दरवाजा बदलवाये जाने का कार्य। | 25246 | 30 दिवस |
| 07 | न्यू पुलिस कॉलोनी आवास कमांक ई2 | 02 नग चौखट, 02 नग दरवाजा बदलवाये जाने का कार्य। | 27177 | 30 दिवस |
| 08 | न्यू पुलिस कॉलोनी ब्लाक ए से जे तक (कुल 10 ब्लाक) | बाहय पुताई कार्य। | 1076438 | 30 दिवस |
| | कुल योग | | 1290464 | |

जी-20087/24

पुलिस अधीक्षक
जिला सीधी ( म.प्र. )

# मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन के पात्र हितग्राहियों के खाते में राशि अंतरित की

## सीधी जिले की 2 लाख से अधिक महिलाओं के खाते में 26 करोड़ 22 लाख से अधिक की राशि डाली गई

**सीधी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के भोपाल में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश की 1.29 करोड़ लाड़ली बहनों को रूपये 1573 करोड़ की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से उनके बैंक खातों में अंतरित की गई। मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक से 55 लाख से अधिक सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों को 333.32 करोड़ रुपए की राशि भी जारी की। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अन्तर्गत सीधी जिले की 02 लाख 13 हजार 804 पात्र महिलाओं के खाते में प्रति महिला एक हजार 250 रूपये के मान से 26 करोड़ 22 लाख 34 हजार 200 रूपये की राशि अंतरित की गई। कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी



कक्ष से जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास आर.सी. त्रिपाठी तथा लाड़ली बहनों द्वारा सहभागिता की गई। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत जिले में 02 लाख 13 हजार 804 पात्र हितग्राहियों के खाते में राशि अंतरित की गई है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अन्तर्गत जनपद पंचायत कुसमी में 17 हजार 793 महिलाओं, जनपद पंचायत मझौली में 29 हजार 873, जनपद पंचायत रामपुर नैकिन में 45 हजार 03, जनपद पंचायत सीधी में 55 हजार 568 तथा जनपद पंचायत सिहावल में 52 हजार 514 महिलाओं के खाते में 1250 रूपये के मान से राशि अंतरित की गई। कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के साथ ही नगरीय क्षेत्र की महिलाओं को भी लाभांवित किया गया। इसमें नगर पालिक सीधी में 6 हजार 262, नगर परिषद चुरहट में 2 हजार 477, नगर परिषद मझौली में 2 हजार 127 तथा नगर परिषद रामपुर नैकिन में 2 हजार 187 महिलाओं के खाते में 1250 रूपये प्रत्येक महिला के मान से राशि अंतरित की गई। राज्यस्तरीय कार्यक्रम में सीधी जिले के 1 लाख 7 हजार 185 पात्र हितग्राहियों के खाते में 6 करोड़ 43 लाख 11 हजार रूपये की राशि अंतरित की गई। जनपद पंचायत कुसमी के 7170, मझौली के 14001, रामपुर नैकिन के 22410, सीधी के 28458 एवं सिहावल के 29136 पात्र हितग्राहियों को 600 प्रति हितग्राही के मान से राशि अंतरित की गई। इसी प्रकार नगरीय निकाय अंतर्गत सीधी के 2495, मझौली के 1176, चुरहट के 1257 एवं रामपुर नैकिन के 1082 पात्र हितग्राहियों के खाते मे राशि अंतरित की गई। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन योजना के 55588, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के 12158, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय नि:शक्तजन योजना के 2288, मुख्यमंत्री कन्या अभिभावक पेंशन योजना के 728, मंदबुद्धि/ वहुविकलांग को आर्थिक सहायता योजना के 1661, सामाजिक सुरक्षा पेंशन वृद्धा योजना के 9127, सामाजिक सुरक्षा पेंशन परित्यक्ता पेंशन योजना के 291, सामाजिक सुरक्षा पेंशन नि:शक्त पेंशन योजना के 7358, दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन सहायता राशि के 2330, सामाजिक सुरक्षा पेंशन कल्याणी पेंशन योजना के 15642 एवं मुख्यमंत्री अविवाहिता पेंशन योजना के 14 हितग्राहियों के खाते में 600 रूपये के मान से राशि अंतरित की गई।

## संपादकीय

### भारत बेफिक्र नहीं, वैकल्पिक व्यवस्था पर निगाहें

सीरिया में रविवार को जिस तरह से इस्लामी विद्रोहियों ने राजधानी दमिश्क पर कब्जा किया और राष्ट्रपति बशर अल-असद देश छोड़ने को मजबूर हुए, वह अप्रत्याशित तो है ही, पूरे पश्चिम एशिया के लिए अनिश्चितता के एक नए सिलसिले की शुरुआत साबित हो सकता है। इस प्रकरण में कई ऐसे पहलू हैं, जो भारत की चिंता से सीधे तौर पर जुड़ते हैं।चाहे राष्ट्रपति बशर अल-असद हों या उनके पिता हाफिज अल-बशर, दोनों निरंकुश माने जाते रहे, लेकिन सीरिया में दोनों ने सेकुलर नीति अपनाई। उनके शासन काल में इस्लामी कट्टरपंथियों पर अंकुश बना रहा। अब उनकी जगह काबिज हुए इस्लामी विद्रोहियों के संभावित रुख को लेकर दुनिया भर में आशंकाएं हैं। सीरिया में उनकी वजह से आईएसआईएस जैसे आतंकवादी समूह के फिर से सिर उठाने का डर पैदा हो गया है। ऐसे में यह सवाल खड़ा हो गया है कि क्या आने वाले दौर में भारतीय उपमहाद्वीप में आतंकी तत्वों की सक्रियता बढ़ने वाली है। सीरिया के साथ भारत के आर्थिक रिश्ते भले ही ज्यादा प्रगाढ़ न हुए हों, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोनों एकजुट रहे हैं। यही नहीं, बशर अल-असद ने कश्मीर के सवाल पर हमेशा भारत का साथ दिया। यहां तक कि कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाए जाने को लेकर भी सीरिया ने कहा था कि यह भारत का आंतरिक मामला है और किसी भी देश को अपने भूभाग में नागरिकों की हिफाजत के लिए जरूरी कदम उठाने का पूरा अधिकार है। देखना होगा कि बदले हालात में सीरिया के रुख में किस तरह का और कितना बदलाव आता है। विद्रोही गुटों को हासिल तुर्किये के कथित समर्थन को देखते हुए कुछ एक्सपर्ट्स कह रहे हैं कि सीरिया के नए निजाम की नीतियों पर उसका प्रभाव दिखेगा। अच्छी बात यह है कि तुर्किये के साथ भी भारत के रिश्तों में पिछले कुछ समय में सुधार देखा जा रहा है। जहां कश्मीर पर उसके रुख में नरमी आई है, वहीं भारत ने भी ब्रिक्स में तुर्किये की एंट्री को रोकने का प्रयास नहीं किया। सीरिया के घटनाक्रम पर भारत ने जिस तत्परता से अपना रुख स्पष्ट किया, वह भी काफी कुछ कहता है। 24 घंटे के अंदर ही विदेश मंत्रालय ने सीरिया की एकता, अखंडता और संप्रभुता को अक्षुण्ण रखने की जरूरत बताते हुए कहा कि मसले का हल निकालने की प्रक्रिया न केवल शांतिपूर्ण बल्कि सीरिया की अगुआई वाली और समाज के सभी तबकों के हितों का ध्यान रखने वाली होनी चाहिए।

बांग्लादेश में 5 अगस्त 2024 की दोपहर को हुए शेख हसीना की सरकार के तख्तापलट के बाद से ही वहां की कट्टरपंथी जहरीली जमात के द्वारा हिंदुओं के जान-माल व मंदिर को चुन-चुन कर के निशान बनाया जा रहा है, इन कट्टरपंथियों के द्वारा हिंदुओं के जान-माल को तब से ही जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है। हालांकि तख्तापलट के बाद बहुत सारे लोगों को यह उम्मीद थी कि अब देश में नोबेल पुरस्कार प्राप्त मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार का गठन होने के बाद वहां के हाल धीरे-धीरे पूरी तरह से सुधर जायेंगे। लेकिन अफसोस मोहम्मद यूनुस तो भारत व हिंदुओं के विरोध में अंधे होकर के खुद इन कट्टरपंथियों की गोद में जाकर बैठ गये हैं और कई माह बीतने के बाद भी बांग्लादेश के हालात सुधरने की जगह और खराब हो गये हैं।

(दीपक कुमार त्यागी)

# बांग्लादेश- कट्टरपंथी जमात के निशाने पर हिंदुओं का जान-माल, सुरक्षा के लिए भारत सरकार करे पहल

बांग्लादेश में हिंदुओं को चुन-चुन कर के निशाना बनाया जा रहा उस वक्त इन लोगों की पूरी जमात की जुबान से एक शब्द भी हिंदुओं की रक्षा की अपील तक के लिए नहीं निकल रहा है, जो स्थिति हम सभी सनातन धर्म के अनुयायियों व देश के सभी नीति-निर्माताओं के लिए चिंताजनक व विचारणीय है।

बांग्लादेश में 5 अगस्त 2024 की दोपहर को हुए शेख हसीना की सरकार के तख्तापलट के बाद से ही वहां की कट्टरपंथी जहरीली जमात के द्वारा हिंदुओं के जान-माल व मंदिर को चुन-चुन कर के निशान बनाया जा रहा है, इन कट्टरपंथियों के द्वारा हिंदुओं के जान-माल को तब से ही जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है। हालांकि तख्तापलट के बाद बहुत सारे लोगों को यह उम्मीद थी कि अब देश में नोबेल पुरस्कार प्राप्त मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार का गठन होने के बाद वहां के हाल धीरे-धीरे पूरी तरह से सुधर जायेंगे। लेकिन अफसोस मोहम्मद यूनुस तो भारत व हिंदूओं के विरोध में अंधे होकर के खुद इन कट्टरपंथियों की गोद में जाकर बैठ गये हैं और कई माह बीतने के बाद भी बांग्लादेश के हालात सुधरने की जगह और खराब हो गये हैं। देश व दुनिया के मीडिया के सूत्रों से बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमलें की हजारों की संख्या में जघन्य अपराध वाली घटनाएं घटित हो चुकी हैं, हिंदू इन घटनाओं में अपनी अनमोल जान-माल को गंवा रहे हैं, जो बांग्लादेश के अंदरुनी भयावह हालात के बारे में बताने के लिए काफी हैं। मीडिया स्रोतों से जो खबरें लोगों को निरंतर मिल रही हैं, वह देश व दुनिया के सभी हिंदुओं के साथ-साथ इंसान व इंसानियत को बेहद बुरी तरह से झकझोर देने वाली है। क्योंकि तख्तापलट के बाद से बांग्लादेश में कट्टरपंथियों के द्वारा भारत विरोध व हिंदुओं के जान-माल को जानबूझकर जमकर के निशान बनाया जा रहा है। हिंदुओं को मोहम्मद यूनुस सरकार के संरक्षण प्राप्त इस्लामिक कट्टरपंथियों के द्वारा सरेआम मौत के घाट तक उतारा जा रहा है। वहां हिंदुओं के मंदिर, मकान, दुकान व फेक्ट्रियों आदि को तोड़फोड़ कर के बड़े पैमाने पर आग के हवाले खुलेआम किया जा रहा है और अफसोस की बात यह है कि बांग्लादेश की पुलिस-फोर्स नियम-कायदे व कानून के अनुसार मानवता की रक्षा ना करके खुल्लम-खुल्ला इन भारत व हिंदूओं की विरोधी कट्टरपंथियों की जमात का साथ दे रही है। लेकिन इस हाल में हम भारतवासियों के लिए सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि पूरे विश्व के किसी भी कौने में अगर इस्लाम धर्म के किसी व्यक्ति के साथ किसी अन्य धर्म के व्यक्ति के द्वारा कोई अप्रिय घटना घटित कर दी जाती है, तो हमारे प्यारे देश भारत तक में भी इस्लामिक कट्टरपंथियों के इशारे पर उनके बहुत सारे लोगों को जमकर सड़कों पर बवाल काटते देखा जाता है। लेकिन अब जब बांग्लादेश में हिंदुओं को चुन-चुन कर के निशाना बनाया जा रहा उस वक्त इन लोगों की पूरी जमात की जुबान से एक शब्द भी हिंदुओं की रक्षा की अपील तक के लिए नहीं निकल रहा है, जो स्थिति हम सभी सनातन धर्म के अनुयायियों व देश के सभी नीति-निर्माताओं के लिए चिंताजनक व विचारणीय है।

यहां आपको याद दिला दें कि पूरी दुनिया ने देखा है कि किस तरह से वर्ष 1971 में तत्कालीन भारत सरकार ने पाकिस्तानियों के अत्याचार से बांग्लादेश की जनता को एक अलग राष्ट्र बांग्लादेश का निर्माण करके अत्याचार से मुक्ति दिलाने का कार्य भारतीय सेना के जांबाजों के नेतृत्व में ही किया था, जिसके चलते ही भारत के लंबे समय से बांग्लादेश से मधुर संबंध रहे हैं। लेकिन मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में वहां की अंतरिम सरकार के बनने के बाद भारत-बांग्लादेश के संबंधों में बहुत तेज़ी के साथ कड़वाहट शुरू हुई है। संबंध खराब करने के लिए रही-सही कसर पाकिस्तान के इशारे पर बांग्लादेश के इस्लामिक कट्टरपंथियों के द्वारा हिंदुओं को निशाना बनाकर पूरी की जा रही है। जिस बेहद तनावपूर्ण स्थिति के चलते ही संत चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ़्तारी के बाद अब दोनों देशों के



बीच काफ़ी तल्ख़ कूटनीतिक भाषा का इस्तेमाल हो रहा है, जो स्थिति आने वाले समय में भारत-बांग्लादेश के संबंधों व वैश्विक स्तर पर ठीक नहीं है।

यहां आपको एकबार फिर से याद दिला दें कि बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद से ही भारत विरोधी गतिविधियां और हिंदुओं पर हमले के मामले बहुत तेजी से बढ़े हैं। जिसके बाद से ही बांग्लादेश का हिंदू समुदाय अपनी सुरक्षा करने की मांग को लेकर व हमले के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर के पूरे बांग्लादेश में जगह जगह छोटे-बड़े विरोध प्रदर्शन निरंतर कर रहा है। जिन प्रदर्शनों में हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास बढ़-चढ़कर के भाग ले रहे थे और वह पूरे बांग्लादेश में घूम-घूमकर अत्याचार के खिलाफ हिंदुओं को संगठित कर रहे थे और भारत व दुनिया से बांग्लादेश के हिंदुओं की सुरक्षा करने की मांग कर रहे थे, जिसके चलते ही हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस सरकार की आंखों का कांटा बने हुए थे, जिस वजह से ही हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास को बांग्लादेश सरकार के इशारे पर गिरफ्तार कर लिया गया था और वहां के न्यायालय में हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास की आवाज़ उठाने वाले अधिवक्ता पर भी जानलेवा हमला करके व उसके चैंबर में तोड़फोड़ करके उसको भी निशाना बनाया गया था।

वहीं बांग्लादेश के मुद्दे पर हाल ही में एक नियमित प्रेस ब्रीफिंग में सवाल पूछें जाने पर अमेरिकी विदेश विभाग के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा था कि - हम इस बात को लेकर स्पष्ट हैं कि मौलिक स्वतंत्रता का सम्मान होना चाहिए। सरकारों को कानून के शासन का सम्मान करने की आवश्यकता है, उन्हें आधारभूत मानवाधिकारों का सम्मान करने की आवश्यकता है। हम इस बात पर हमेशा जोर देते रहेंगे। किसी भी तरह का विरोध शांतिपूर्ण होना चाहिए। हम इस बात पर बल देते हैं कि हिरासत में लिए गए लोगों को भी उचित प्रतिनिधित्व दिया जाना चाहिए और उनसे अधारभूत मौलिक स्वतंत्रता और मानवाधिकारों के अनुरूप व्यवहार किया जाना चाहिए। हालांकि उनका यह बयान औपचारिकता मात्र है, हालांकि उनके इस बयान में भी बांग्लादेश के हिंदुओं की सुरक्षा के लिए कोई ठोस आश्वासन या समाधान नज़र नहीं आता है, उनका बयान केवल एक औपचारिकता मात्र है।

वहीं हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के बाद बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने भी बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस पर जोरदार हमला करते हुए कहा कि उन्होंने बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों को रोकने में नाकामयाबी दिखाई है, शेख हसीना ने मोहम्मद यूनुस पर आरोप लगाया कि उन्होंने हिंदुओं के नरसंहार में सक्रिय रूप से भाग लिया है। शेख हसीना के इस बयान को दुनिया भर के ठेकेदार बनने वाले ताकतवर देशों व मानवाधिकार संगठनों को संज्ञान लेकर के हिंदुओं के नरसंहार को रोकने के लिए मोहम्मद यूनुस सरकार के खिलाफ वैश्विक स्तर पर कार्रवाई करनी चाहिए, जो पर अभी तक तो कोई पहल होती हुई नज़र नहीं आ रही है।

गीता जयंती 2024

# कुरुक्षेत्र में कब मिला था अर्जुन को भगवान कृष्ण से गीता का ज्ञान

कुरुक्षेत्र की रणभूमि पर जिस दिन भगवान श्री कृष्ण ने महारथी अर्जुन को गीता का अमृत ज्ञान दिया था, उस दिन को गीता जयंती के रूप में मनाया जाता है। ज्ञात हो कि गीता ही एकमात्र ऐसा ग्रंथ है जिसकी सजीव रूप से जयंती मनाई जाती है। गीता को श्रीमद्भगवद्गीता और गीतोपनिषद के नाम से भी जाना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि गीता के उपदेशों का पालन करने से सभी तरह की कठिनाइयों और शंकाओं से मुक्ति मिल जाती है।

मेधा चावला

गीता जयंती- भगवान श्रीकृष्ण के जिस ज्ञान ने महारथी अर्जुन को जीवन के युद्ध के लिए तैयार किया था, उसी ज्ञान को गीता कहते हैं। गीता युगों से हारे हुए मनुष्यों को राह दिखा रही है। गीता के रूप में उनके कहे श्रीकृष्ण के शब्द आज भी साकार और अमर हैं। गीता जयंती 11 दिसंबर 2024 को मनाई जाएगी।

कुरुक्षेत्र की रणभूमि पर जिस दिन भगवान श्री कृष्ण ने महारथी अर्जुन को गीता का अमृत ज्ञान दिया था, उस दिन को गीता जयंती के रूप में मनाया जाता है। ज्ञात हो कि गीता ही एकमात्र ऐसा ग्रंथ है जिसकी सजीव रूप से जयंती मनाई जाती है। गीता को श्रीमद्भगवद्गीता और गीतोपनिषद के नाम से भी जाना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि गीता के उपदेशों का पालन करने से सभी तरह की कठिनाइयों और शंकाओं से मुक्ति मिल जाती है। विक्रम संवत के पंचांग अनुसार मार्गशीर्ष माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि के दिन गीता जयंती मनाई जाती है। इसी दिन मोक्षदा एकादशी का व्रत भी रखा जाता है। 2024 में गीता जयंती की 11 दिसंबर, आज बुधवार को है।

**गीता जयंती का महत्व** - गीता महाभारत महाकाव्य में चरमोत्कर्ष कुरुक्षेत्र युद्ध की शुरुआत से ठीक पहले भगवान कृष्ण और अर्जुन के बीच हुआ एक संवाद है। गीता वेदांत दर्शन को बखूबी दर्शाती है। गीता जयंती पर गीता का पाठ किया जाता है और भगवान श्रीकृष्ण और वेद व्यास जी की पूजा की जाती है। गीता जयंती के दिन व्रत रखने से मन पवित्र होता है और शरीर शुद्ध होता है। गीता के सभी श्लोक जीवन के किसी न किसी रहस्य को सुलझाते हैं।ऐसी मान्यता है कि इस दिन भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का अमृत संदेश दिया था।



**जगत के पालनहार भगवान विष्णु और श्रीकृष्ण की होती विशेष पूजा** - सनातन धर्म में एकादशी व्रत को अधिक महत्वपूर्ण माना जाता है। मार्गशीर्ष माह में मोक्षदा एकादशी मनाई जाती है। इसी दिन गीता जयंती का पर्व भी मनाया जाता है। इस शुभ तिथि पर जगत के पालनहार भगवन विष्णु और श्रीकृष्ण की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। ऐसी मान्यता है कि उपासना करने से जातक को सुख-शांति की प्राप्ति होती है। साथ ही रुके हुए काम पूरे होते हैं। सनातन शास्त्रों में इस बात का उल्लेख किया गया है कि मार्गशीर्ष माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि यानी मोक्षदा एकादशी के दिन भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया था। इसी वजह से हर साल इसी तिथि पर गीता जयंती मनाई जाती है। गीता जयंती का पर्व भगवत गीता के जन्म को समर्पित है। मोक्षदा एकादशी के दिन श्रीकृष्ण ने अर्जुन को कुरुक्षेत्र गीता का उपदेश दिया था। इस दिन जातक विष्णु जी की कृपा प्राप्त करने के लिए विधिपूर्वक मोक्षदा एकादशी का व्रत-पूजा करते हैं और श्रद्धा अनुसार दान करते हैं। मान्यता है कि ऐसा करने से जीवन में सभी तरह के सुखों की प्राप्ति होती है।

**गीता श्लोक**

हतो वा प्राप्यसि स्वर्गम्, जित्वा वा भोक्ष्यसे महिम्।
तस्मात् उत्तिष्ठ कौन्तेय युद्धाय कृतनिश्चय:॥
(द्वितीय अध्याय, श्लोक 37)

इस श्लोक का अर्थ है कि युद्ध में वीरगति को प्राप्त होते हो तो तुम्हें स्वर्ग मिलेगा और और युद्ध में विजय होने पर धरती का सुख पा जाओगे... इसलिए उठो, हे कौन्तेय (अर्जुन), और निश्चय करके युद्ध करो।

## वर्ग पहेली 5579



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 1968 को इस भारतीय वैज्ञानिक को चिकित्सा क्षेत्र में नोबल पुरस्कार प्रदान किया गया (8)
7. केशलता, बालों का गुच्छा (2)
8. तप्त चिन्हित करना,दाग लगाना (3)
9. मार्ग से, कृतत: (2)
11. लिहाफ, सर्दी लगने से बचने के लिए सोते समय ओढ़ा जाने वाला वस्त्र (3)
13. चांदी, उजला, उज्जवल (3)
16. प्रविष्टायन, स्थितन (3)
17. जिसमें दाग या धब्बों वाला, दागदार (2)
18. श्रवण करना, ध्यान देना (3)
19. एक शस्त्र, बरछा, नेजा (2)
21. जैन धर्म के मानने वालों का बड़वानी से 8 किमी दूर एक तीर्थ स्थल (5)
23. यह उजबेकिस्तान की राजधानी है (4)
24. पुराणानुसार पांचवा लोक जहां से मनुष्य उत्पन्न होते है, व्यक्ति, कबीला, प्रजा (2)

**ऊपर से नीचे**

1. इस तीर्थ स्थान पर गंगा नदी पहाड़ों को छोड़ मैदान में आती है इसे गंगाद्वार भी कहा गया है (4)
2. फुटबॉल, हॉकी आदि के खेल से संबंधित एक शब्द, वृत्ताकार, वर्तुल (2)
3. शीतकाल को अंग्रेजी में यह कहते है (3)
4. ईश्वरत्व, खुदापन, आस्मानी (3)
5. शास्त्रीय संगीत में विशिष्ट गान प्रकार (2)
6. सनिश्चय नहीं (3)
10. क्षेत्रफल के आधार पर यह भारत का सबसे बड़ा राज्य है (4)
12. रद्दीकृत, अनुपभुक्त (2)
14. तपस्या करना, अति परिश्रम करना (3)
15. मरीज, बीमार, जिसे रोग लगा हो (2)
17. बरामदा, ओसारा (3)
18. निर्देशक बिमल रॉय की सुनील दत्त-नूतन अभिनीत 1959 की सफल फिल्म (3)
19. दर, निर्ख (2)
20. नमाज की सूचना के शब्द जो जोर से पुकारे जाते है (3)
21. उत्तर काल में, उपरांत, पश्चात (2)
22. लंबाई नापने की प्राचीन नाप, हाथी (2)

### वर्ग पहेली 5578 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| त्रि | पु | रा | | दे | वी | ला | ल |
| का | ल | का | | व | र | ना | |
| ल | | | मु | आ | | | ते |
| | द | म | | नं | द | गां | व |
| इ | ला | हा | बा | द | | धा | र |
| बा | ल | | ब | | नू | री | |
| द | | ह | र | क | त | | धू |
| त | ला | क | | दा | न | वी | र |

# क्या फिर दगा देंगे जिनपिंग

(सुधांशु माहेश्वरी)

भारत और चीन के बीच में रिश्ते फिर पटरी पर लौटते दिख रहे हैं, सीमा विवाद भी अभी के लिए शांत पड़ चुका है। दोनों ही देशों के बीच में समझौता हुआ है, कई स्तर की वार्ता भी हो चुकी है। लेकिन इस बीच एक ऐसी खबर सामने आ रही है जिससे भारत को सावधान रहने की जरूरत है। सोशल मीडिया पर तो सवाल उठने लगे हैं



कि क्या फिर राष्ट्रपति जिनपिंग दगा देने वाले हैंएक कार्यक्रम में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने जोर देकर कहा है कि हमारे देश की जो आधुनिक तकनीक है, किसी भी बॉर्डर एरिया को उससे वंचित नहीं रखना है। अब उनका यह बयान मायने रखता है क्योंकि पिछले कुछ सालों में तिब्बत और भारत बॉर्डर पर चीन ने काफी विकास किया है, पूरे-पूरे गांव बसा दिए गए हैं। अभी तो सीमावर्ती क्षेत्रों के अध्ययन को लेकर भी चीनी सरकार एक बड़ी रणनीति पर काम कर रही है, पूरा प्रयास है कि बॉर्डर एरिया में सरकारी प्रशासन पूरी तरह दुरुस्त रहे।

## क्या है सीमा को लेकर विवाद

- चीन और भारत के बीच सीमा को लेकर विवाद की वजह 3,488 किमी. लंबी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) है। भारत के मुताबिक एलएसी की लंबाई 3,488 किमी. है, जबकि चीन इसे लगभग 2,000 किमी. ही मानता है। यह तीन हिस्सों में बंटी हुई है। पूर्वी हिस्सा- अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में है, बीच का हिस्सा उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में है और पश्चिमी हिस्सा- लद्दाख में है।
- पूर्वी और मध्य हिस्से में ज्यादा विवाद नहीं है लेकिन जो बड़े विवाद हैं, वह पश्चिमी हिस्से में हैं। यहां पर पहली बार एलएसी की बात सामने आई थी। 1959 में चीनी प्रधानमंत्री झोउ एनलाइ के द्वारा तत्कालीन पीएम जवाहर लाल नेहरू को लिखी गई दो चिट्ठियों में चीन की ओर से एलएसी का जिक्र किया गया था। लेकिन भारत ने 1959 और 1962 में एलएसी की अवधारणा को पूरी तरह खारिज कर दिया था।
- जानकार मानते हैं कि जब तक भारत और चीन के बीच सीमा का पूरी तरह निर्धारण नहीं हो जाता है तब तक सीमा विवाद जारी रह सकता है। दोनों देशों ने समझदारी दिखाते हुए सीमा पर चल रहे तनाव को हल करने का फैसला जरूर लिया है लेकिन सीमा का निर्धारण किए जाने से ही सीमा विवाद पूरी तरह खत्म हो सकता है।

# आज का राशिफल

**मेष**
आज आपको काफी मेहनत काफी करनी पड़ेगी और सफलता प्राप्त करने में काफी मशक्कत करनी पड़ेगी। आपको अजनबी लोगों का सहयोग मिल सकता है। अकारण पड़ने वाले व्यवधान से लाभ होगा और आपकी कार्ययोजनाएं प्रभावित होंगी।

**वृष**
आज करियर और कारोबार के मामले में कोई बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है। अधिक उत्साह और तत्परता से कार्य बिगड़ सकता है। कुछ आर्थिक और पारिवारिक संकोच अभी दबाव में रखेंगे।

**तुला**
आज करियर के मामले में लाभ होगा और कारोबार में आपकी योजनाएं एक के बाद एक सफल हो जाएंगी। एक के बाद एक मामले सुलझते चले जायेंगे। उदर और आंख में कष्ट हो सकता है और आपकी सेहत प्रभावित हो सकती है। कार्यक्षेत्र में अस्थिरता रहेगी।

**वृश्चिक**
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। जटिल कार्यों को आप समय से पूरा कर लेंगे और आपको सफलता प्राप्त होगी। लाभदायक उपक्रमों का संचालन भी होगा।

**मिथुन**
आज दिन परेशानियों से भरा होगा। आपको पारिवारिक मामलों में पैसे से जुड़ा कोई फैसला आज लेना पड़ सकता है। मान सम्मान भी बढ़ेंगे और अप्रत्याशित लाभ की प्राप्ति भी होगी।

**कर्क**
आज दिन शुभ है और आपके लिए शुभ योग बन रहे हैं। आपको परिश्रम के बाद वांछित लाभ होगा। दूर की यात्रा भी करनी पड़ सकती है। मानसिक परेशानी की वजह से मन में किसी कारण से तनाव रहेगा।

**धनु**
आज करियर के मामले में परेशानियों से भरा हो सकता है। आपके प्रभाव और उत्साह में वृद्धि होगी और आपकी तरक्की होगी। आपका कोई शुभ संदेश आने से उत्साह बढ़ेगा और मित्रों का सहयोग भी प्राप्त होगा।

**मकर**
आज करियर के मामले में सफलता से भरा होगा और आपका दिन परिवार के लोगों के साथ आनंद में बीतेगा। आपको मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा और परिवार के लोगों के बीच में आनंद बढ़ेगा। किसी चल या अचल संपत्ति का पारिवारिक विवाद निपटाना आवश्यक होगा।

**सिंह**
आज लाभ होगा। सभी काम समय पर बनते नज़र आएंगे। अच्छे दिनों का संयोग मन को प्रफुल्लित करेगा। खर्च पर नियंत्रण रखना जरूरी है। व्यापार व व्यवसाय से संबंधित कई अनुभव होंगे।

**कन्या**
आज आर्थिक मामलों में सफलता प्राप्त होगी और आपकी तरक्की के लिए शुभ योग बन रहे हैं। आपके लिए उत्सवों और त्यौहार में सम्मिलित होने के अवसर प्राप्त होंगे।

**कुंभ**
आज करियर के मामले में लाभ होगा और किसी पर व्यर्थ के संदेह और तर्क वितर्क में समय और धन की हानि होगी। नियोजित कार्यक्रम भी सफल होंगे और आर्थिक लाभ का सुअवसर भी आएगा।

**मीन**
आज यानी मोक्षदा एकादशी का दिन नई किरण लेकर आया है। म भगवान गणेश की कृपा रहेगी, जिससे ज्यादातर कार्य बिना किसी अड़चन के पूरे होंगे और कूटनीति के माध्यम से दूसरों से अपनी बात आसानी से मनवा लेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### आसनसोल की विशेष सीबीआई अदालत ने कोयला चोरी मामले में 49 लोगों के खिलाफ आरोप तय किए



आसनसोल, एजेंसी। पश्चिम बंगाल के आसनसोल में एक विशेष सीबीआई (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) अदालत ने अधिकारियों और प्रभावशाली व्यक्तियों के संरक्षण में अनूप माजी द्वारा 'ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड' की खदानों से 1,340 करोड़ रुपये मूल्य के कोयले की कथित चोरी के संबंध में 49 लोगों के खिलाफ आरोप तय किए हैं। इस मामले में आरोपी प्रभावशाली व्यक्तियों में विकास मिश्रा भी शामिल हैं, जिनके भाई एवं तत्कालीन तृणमूल कांग्रेस नेता विनय मिश्रा फरार हैं। आसनसोल की एक विशेष अदालत में दायर अपने आरोपपत्र में सीबीआई ने आरोप लगाया कि माजी और उसके गिरोह ने 2015 से 2020 के बीच कम से कम 31 लाख मीट्रिक टन कोयला चुराया। कुल 49 आरोपियों के खिलाफ आरोप तय होने के बाद आरोप पत्र मंगलवार को सार्वजनिक किया गया। एजेंसी ने इस मामले में अब तक तीन आरोपपत्र दाखिल किए हैं। एजेंसी ने बताया कि सह-आरोपी लोक सेवकों के ''संरक्षण में'' 1,340 करोड़ रुपये का कोयला चुराया गया।

### झारखंड में एक महिला ने अपनी नवजात बालिका को नदी में 'फेंका'



पूर्वी सिंहभूम, एजेंसी। झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले में एक महिला ने अपनी नवजात बालिका को एक नदी में कथित रूप से फेंक दिया जिससे उसकी (बच्ची की) मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि जादूगोरा के डुरकु गांव में 30 वर्षीय यह महिला अपनी बेटी के साथ नहाने गयी थी और उसने उसे नदी में फेंक दिया। पुलिस उपाधीक्षक (मुसाबनी) संदीप भगत ने बताया कि बच्ची का शव सोमवार को मिला। भगत ने बताया कि महिला के पति ने इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज करायी है लेकिन उसकी (महिला की) इस हरकत की सटीक वजह का तत्काल पता नहीं चल पाया है। उन्होंने बताया कि महिला को गिरफ्तार कर मामले की जांच की जा रही है।

### मानवाधिकार भारतीय संस्कृति में समाहित है : कानून मंत्री मेघवाल



नईदिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने मंगलवार को कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए कि पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को सामाजिक सशक्तीकरण के लिए शुरू की गई योजनाओं का पूरा लाभ मिले। साथ ही उन्होंने कहा कि मानवाधिकार हमेशा से भारतीय संस्कृति का हिस्सा रहा है। मानवाधिकार दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि इन पहल से लोगों को मानवाधिकार हासिल करने में मदद मिली है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि दिव्यांगजनों के जीवन को आसान बनाना और 'थर्ड जेंडर' को उनके अधिकार दिलाने में मदद करना पिछले 10 वर्षों में सरकार द्वारा उठाए गए कुछ महत्वपूर्ण कदम हैं। 'थर्ड जेंडर' श्रेणी में खुद को पंजीकृत कराने वाले 39 हजार से अधिक मतदाताओं ने 2019 के लोकसभा चुनावों में अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। इस साल के संसदीय चुनावों के दौरान यह आंकड़ा 48,000 से अधिक हो गया। मंत्री ने कहा कि कानूनी अधिकार ''क्लीनिक'' और वैकल्पिक विवाद समाधान आम आदमी को न्याय दिलाने के लिए अन्य कदम हैं। मेघवाल ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण और गरिमापूर्ण जीवन सुनिश्चित किया जा रहा है और मानवाधिकार हमेशा से भारतीय संस्कृति और लोकनीति का हिस्सा रहा है।

### कराची में पैदा हुए शख्स को 43 साल बाद मिली भारतीय नागरिकता

पणजी, एजेंसी। कराची में पैदा हुए शख्स को 43 साल बाद नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के तहत भारतीय नागरिकता मिली। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने मंगलवार को कहा कि सीएए के तहत नागरिकता पाने वाला यह राज्य का दूसरा शख्स है। कराची में पैदा हुए शेन सबस्टियन परेरा जन्म के चार महीने बाद ही अपने माता-पिता के साथ गोवा लौट आया था। उन्होंने कहा कि भारतीय नागरिकता पाने के लिए उन्हें 43 साल लग गए थे, लेकिन सीएए के तहत महज तीन महीने के आवेदन में उन्हें नागरिकता मिल गई। इस साल अगस्त में एक अन्य पाकिस्तानी नागरिक जोसेफ फ्रांसिस परेरा को भारतीय नागरिकता प्रदान करने के बाद, शेन यह प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले गोवा राज्य के दूसरे व्यक्ति हैं। सीएम प्रमोद सावंत ने शेन को नागरिकता प्रमाण पत्र सौंपा। मूल रूप से उत्तरी गोवा के अंजुना में डेमेलो वाडो के रहने वाले शेन ने कहा कि उनके माता-पिता कराची चले गए थे, जहां उनका जन्म अगस्त 1981 में हुआ। उनके जन्म के चार महीने बाद, परिवार वापस गोवा चला गया, जहां उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की। उन्होंने 2012 में भारतीय नागरिक मारिया ग्लोरिया फर्नांडीस से शादी की। उन्होंने कहा कि वर्षों से भारतीय नागरिकता प्राप्त करने के उनके प्रयास असफल रहे हैं। उन्होंने कहा, आखिरकार, जोसेफ (परेरा) से प्रेरित होकर, मैंने नागरिकता के लिए फिर से आवेदन किया।

# ईपीएफओ ने फरीदाबाद की 149 कंपनियों को भेजे नोटिस, एक माह में मांगा जवाब




फरीदाबाद, एजेंसी। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की तरफ से लंबे समय से कर्मचारियों के पीएफ का पैसा जमा नहीं करने पर फरीदाबाद की 149 कंपनियों को नोटिस भेजे गए हैं। इन कंपनियों पर करीब साढ़े सात करोड़ रुपये बकाया है। नोटिस का जवाब देने के लिए एक महीने के वक्त किया गया है। इस दौरान अगर नोटिस का संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया तो इन संबंधित कंपनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फरीदाबाद जिले में छोटी बड़ी करीब 28 हजार कंपनियां हैं। ईपीएफओ में पंजीकृत कंपनियों को हर माह कर्मचारी के वेतन का 12 फीसदी हिस्सा ईपीएफओ में जमा करना होता है। इतना ही पैसा कंपनी की तरफ से भी उसी खाते में जमा किया जाता है। वर्तमान दौर में ऑनलाइन व्यवस्था होने के कारण विभाग कंपनियों पर सख्ती से नजर रख रहा है।

**पिछले दिनों जांच में खुलासा हुआ :** पिछले दिनों ईपीएफओ की जांच में सामने आया था कि शहर में 149 कंपनियों ने पीएफ की राशि कर्मचारी के वेतन से काट ली, लेकिन वह पीएफ खाते में नहीं डाली गई। कई मामलों में ऐसा देखा गया कि कर्मचारी का अंशदान जमा कर दिया गया और नियोक्ता का अंशदान जमा नहीं किया गया है। कंपनी द्वारा पीएफ खाते में पैसा जमा करते ही कर्मचारी के फोन पर एसएमएस मिलता है, लेकिन पिछले करीब कई माह से उन्हें अपने पीएफ खातों की जानकारी नहीं मिल रही है। पिछले दिनों ऐसे कई मामले भी सामने आए।

**कर्मचारियों का अंशदान नहीं किया जमा :** अधिकारियों के अनुसार, कोरोना काल में अनेक कंपनियों ने कर्मचारियों का अंशदान नहीं भरा। जिस कारण बकायेदारों की संख्या काफी बढ़ गई। छह माह पहले 650 से अधिक कंपनी संचालकों को नोटिस जारी किए गई थे। जिनमें अनेक ने पैसे जमा कर दिए। एक माह पहले की गई जांच में एक बार 149 कंपनियां ऐसी पाई गईं। जिन्होंने कर्मचारियों का पैसा जमा नहीं किया।

अब पीएफ कार्यालय द्वारा रिकवरी अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी अंशदातों के पैसे की रिकवरी की जा सके और उसे कर्मचारी के खाते में दोबारा डाले जा सके। वर्ष 2022 में 12 कंपनियों ने कर्मचारियों के 6.28 करोड़ रुपये जमा नहीं किए थे। यह आंकड़ा 2023 में 144 रहा। इन कंपनियों पर कर्मचारियों का 9.29 करोड़ रुपये बकाया है। वर्ष 2024 में सामने आई कंपनियों से वसूली अभियान जारी है।

**बैठक में उठाया जाएगा मुद्दा :** संबंधित कंपनियों के कर्मचारियों के पीएफ के पैसे समय पर जमा नहीं करने का मुद्दा पंचकूला में कल होने वाली रीजनल बोर्ड की बैठक में उठाया जाएगा। अधिकारियों से इस प्रकार की कंपनियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की मांग की जाएगी। जिससे इस प्रकार के बढ़ते मामलों को रोका जा सके। भविष्य में यदि कोई कंपनी संचालक कर्मचारियों का पीएफ का पैसा जमा नहीं करें तो उनकी उचित जवाबदेही तय हो सके।

**बकायेदारों की संख्या बढ़ी :** पिछले करीब दो वर्ष से अनेक कंपनियों ने कर्मचारियों का अंशदान जमा नहीं किया। जिस कारण बकायेदारों की संख्या काफी बढ़ गई। पीएफ कार्यालय की तरफ से इसे लेकर वसूली अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी अंशदातों के पैसे की वसूली की जा सके और उसे कर्मचारी के खाते में दोबारा डाले जा सके। वर्ष 2024 की जांच में सामने आया कि 29 कंपनियों ने कर्मचारियों के 2.22 करोड़ रुपये जमा नहीं किए थे। इन सभी कंपनियों को विभाग की ओर से कई बार नोटिस भी दिए गए, लेकिन हर बार नोटिस को अनदेखा कर दिया।

**विभागीय जांच हुई थी :** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के सहायक आयुक्त का कहना है कि विभागीय जांच में 149 कंपनियां ऐसी पाई गई जो तय समय पर कर्मचारियों के पीएफ की रकम जमा नहीं कर रही थी। इन्हें नोटिस जारी किए गए हैं। संबंधित कंपनियों से मामले जवाब मांगा गया है। कॉमरेड बेच्चू गिरी, चेयरमेन, एटक हरियाणा ने कहा, सरकार में इंस्पेक्टर राज खत्म होने पर डिफॉल्टरों की संख्या बढ़ गई है। रीजनल बोर्ड की मीटिंग में कई बार मुद्दे को उठाया गया है। पंचकूला में मीटिंग होनी है, इसमें फिर से मुद्दा उठाएंगे। कृष्ण कुमार, सहायक आयुक्त ईपीएफओ ने कहा, जिन कंपनियों ने ईपीएफ का पैसा जमा नहीं किया है। विभाग पहले नोटिस जारी करता है। एक माह में संतोषजनक जवाब न मिलने पर एक और नोटिस दिया जाता है। बार-बार नोटिस की अनदेखी करने पर कंपनी संचालक के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट भी जारी किया जाता है।

## राहुल गांधी का 'खटाखट मॉडल' खटारा हो गया : अनुराग ठाकुर



नई दिल्ली, एजेंसी। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी का खटाखट-खटाखट मॉडल खटारा हो गया है। हिमाचल प्रदेश में किए गए वादे पूरे नहीं हुए हैं। दिल्ली विधानसभा के मद्देनजर अनुराग ठाकुर बुधवार को दिल्ली में थे। उन्होंने कहा, जो वादे हिमाचल प्रदेश में किए गए वह पूरे नहीं हुए। सैलरी और पेंशन समय पर नहीं मिल रही है। डीए के लिए दर-दर भटकना पड़ता है। 23 लाख महिलाओं से वादा किया था कि हर महीने 1500 रुपये देंगे। 23 हजार महिलाओं तक यह प्रति माह 1500 रुपये नहीं दे पाए। महिला, किसान और युवाओं को ठगने का काम किया है। 5 लाख युवाओं को नौकरी देने का वादा किया था। 5 हजार को नौकरी नहीं दे पाए। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने झूठ बोलकर वोट लिए। लेकिन अब इनका यह मॉडल चलने वाला नहीं है। तेलंगाना, कर्नाटक और हिमाचल में इनका मॉडल पिट चुका है।

इंडी एलायंस पर उन्होंने कहा है कि लोकतंत्र की दुहाई देने वाले लोग आज सदन नहीं चलने देते हैं। विदेशी ताकतों से पैसा लेकर यह लोग भारत के लोकतंत्र को कमजोर करना चाहते हैं। इन लोगों का चेहरा अब बेनकाब हो चुका है। भारत में रहने वाले ये लोग भारत के लोकतंत्र को कमजोर कर रहे हैं। देश की जनता सवाल खड़ा कर रही है कि आखिर कांग्रेस सदन को क्यों नहीं चलने दे रही है। ममता बनर्जी के नेतृत्व पर उन्होंने कहा है कि इंडी एलायंस में न इनकी सोच एक है और न ही इनकी नीतियां। यह लोग तो सत्ता पाने के लिए एक हुए थे।

ईवीएम को लेकर शरद पवार के यहां हुई बैठक पर उन्होंने कहा है कि जिनको जनता ने नकार दिया है उनके पास यही काम है। अमेरिका और दूसरे देशों में कहा जाता है कि कैलिफोर्निया जैसे राज्य 18 दिन तक ईवीएम में पड़े वोट की गिनती कर रहे थे। लेकिन भारत चंद घंटो में 90 करोड़ लोगों की वोटिंग को भी गिन लेता है।

## उद्योगपति गौतम अदानी ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से की मुलाकात

मुंबई, एजेंसी। महाराष्ट्र से एक बड़ी खबर आयी है. खबर यह है कि उद्योगपति गौतम अदानी ने आज मंगलवार को महाराष्ट्र के नवनियुक्त मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से उनके आधिकारिक आवास पर मुलाकात की. मुलाकात दक्षिण मुंबई में फडणवीस के सागर बंगले में हुई, सूत्रों के अनुसार अदानी की ओर से यह शिष्टाचार भेंट की गयी थी. जान लें कि गौतम अदानी देवेंद्र फडणवीस के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नहीं हो सके थे।

**फडणवीस और अडानी के बीच डेढ़ घंटे तक बातचीत हुई :** मुख्यमंत्री फडणवीस और अडानी के बीच लगभग डेढ़ घंटे तक बातचीत हुई. जान लें कि राज्य में अडानी के कई अहम प्रोजेक्ट चल रहे हैं. सूत्रों के अनुसार दोनों के बीच उद्योग और रोजगार को लेकर चर्चा हुई है. प्रदेश में नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट की जिम्मेदारी अडानी ग्रुप के पास है. यह हवाई अड्डा अगले कुछ महीनों में यात्री यातायात के लिए खोल दिया जायेगा. इसके अलावा धारावी पुनर्विकास योजना भी अडानी समूह के पास है. श्री फडणवीस ने पांच दिसंबर को दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कई केंद्रीय मंत्रियों और विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों की मौजूदगी में हजारों समर्थकों के बीच राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी.

# लड़की बहिन योजना के लाभार्थियों की पात्रता की फडणवीस सरकार फिर से करा सकती है जांच ?



मुंबई, एजेंसी। महाराष्ट्र की महायुति सरकार द्वारा शुरू की गई लड़की बहिन योजना विवादों के घेरे में है। दरअसल मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने हाल ही में संकेत दिया कि योजना के लाभार्थियों की पात्रता की फिर से जांच की जाएगी ताकि केवल योग्य महिलाओं को ही इसका लाभ मिले। शिवसेना (यूबीटी) और शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी ने इस कदम को महिला विरोधी बताते हुए सरकार की तीखी आलोचना की है।

शिवसेना (यूबीटी) के प्रवक्ता संजय राउत ने कहा, महिला वोटरों को लुभाने के लिए सरकार ने खुद ही बिना दस्तावेजों की जांच किए पैसे वितरित किए। अब यह सरकार उन महिलाओं को नोटिस देकर परेशान नहीं कर सकती। मुख्यमंत्री का बयान एक तरह से महिलाओं के खिलाफ कार्रवाई का संकेत है।

**चुनाव से पहले नहीं की गई पात्रता जांच :** राउत ने आरोप लगाया कि चुनाव से पहले महायुति सरकार ने महिलाओं के दस्तावेजों की सही तरीके से जांच नहीं की और हर वर्ग की महिलाओं को 1500 रुपए प्रति माह का लाभ दिया। उन्होंने कहा, सरकार ने बड़ी तनख्वाह पाने वाली महिलाओं और गाड़ी मालिकों को भी योजना में शामिल किया। अब जब सरकार सत्ता में आ गई है, तो उसे स्वार्थी रवैया नहीं अपनाना चाहिए। योजना को जारी रखना चाहिए और महिलाओं को परेशान नहीं करना चाहिए।

**एनसीपी की चेतावनी :** एनसीपी (एस-पी) के प्रवक्ता महेश तापसे ने कहा, अगर सरकार महिलाओं से पैसा वापस मांगने की कोशिश करती है या उन्हें योजना से बाहर करती है, तो महाविकास अघाड़ी सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेगी। तापसे ने यह भी कहा कि सरकार को अपना वादा निभाना चाहिए और लाभ राशि को ?1500 से बढ़ाकर 2100 करना चाहिए, जैसा कि चुनावी घोषणा पत्र में वादा किया गया था।

**सरकार का पक्ष :** मुख्यमंत्री फडणवीस ने पद ग्रहण करने के बाद कहा था कि योजना जारी रहेगी और लाभ राशि को ?2100 किया जाएगा। लेकिन उन्होंने पात्रता जांच के संकेत भी दिए थे। भाजपा नेता सुधीर मुनगंटीवार ने कहा, अगर हम ?2100 देने का वादा पूरा नहीं करते, तो विपक्ष इसे चुनावी मुद्दा बना सकता है। हमें अपने वादे पर अडिग रहना होगा। इस योजना के तहत अब तक 2.34 करोड़ महिलाओं को लाभ मिल चुका है। पूर्व महिला और बाल कल्याण मंत्री व एनसीपी विधायक अदिति तटकरे ने कहा कि उनकी सरकार ने प्रारंभिक जांच के बाद ही लाभार्थियों का चयन किया था। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आगे की जांच केवल शिकायत आधारित होगी और बड़े पैमाने पर नहीं की जाएगी। महायुति सरकार पर विपक्ष का दबाव है कि वह योजना को बिना किसी भेदभाव के जारी रखे।

# मेरे बेटे को न्याय मिले, इंजीनियर अतुल सुभाष के परिवार की पीएम मोदी से गुहार



नई दिल्ली, एजेंसी। बेंगलुरु में इंजीनियर की आत्महत्या मामले ने पूरे देश में सनसनी फैला दी है। इंजीनियर के परिवार ने इस मामले में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से गुहार लगाई है। साथ ही पुरुषों के अधिकार को लेकर सोशल मीडिया में बहस भी छिड़ गई है। मृत युवक के परिवार का कहना है कि भारत में सिर्फ महिलाओं के लिए सारे कानून बने हुए हैं। यहां पुरुषों के लिए कोई कानून ही नहीं है। गौरतलब है मूलरूप से यूपी के रहने वाले इंजीनियर अतुल सुभाष ने आत्महत्या कर ली थी। सुभाष बेंगलुरु में एक प्राइवेट फर्म में नौकरी कर रहे थे। उन्होंने 24 पेज का सुसाइड नोट छोड़ा है, साथ ही 90 मिनट के वीडियो में अपना दर्द बयां किया है। इसमें सुभाष ने अपनी पत्नी और उसके परिजनों के ऊपर झूठे आरोपों में फंसाकर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।

**परिवार ने क्या कहा :** मृतक सुभाष अतुल के पिता पवन कुमार ने अपने बेटे की मौत पर बयान दिया है। उन्होंने कहाकि अतुल अवसाद में था, लेकिन उसने कभी अपने परिवार को अपना दुख नहीं बताया। उन्होंने कहाकि अतुल की पत्नी ने उसके खिलाफ आरोप लगाए हैं। पवन कुमार ने बताया कि उनके बेटे ने बताया था कि मीडिएशन कोर्ट वाले कानून के मुताबिक काम नहीं करते। यहां तक कि वह लोग सुप्रीम कोर्ट की नियमों का भी पालन नहीं करते हैं। उसे बेंगलुरु से जौनपुर कम से कम 40 बार जाना पड़ा था। उसकी पत्नी उसके खिलाफ एक के बाद एक आरोप लगाती ही जा रही थी। इन सबसे वह अवसाद का शिकार हो गया था। पिता ने बताया कि परिवार को घटना की जानकारी तब हुई जब उसने अपने छोटे भाई को रात एक बजे ईमेल भेजा। उन्होंने कहाकि अतुल की पत्नी और उसके परिजनों ने उसके ऊपर आरोप लगाए थे। हम बता भी नहीं सकते कि हमारा बेटा किस कदर टेंशन में था। पवन कुमार के मुताबिक उस महिला ने हमारे ऊपर ऐसे आरोप लगाए, जिनका कोई तर्क नहीं है।

## थमा नहीं है किसानों का आंदोलन, अब इस दिन करेंगे दिल्ली कूच; सितारों से मांगा समर्थन



जालंधर, एजेंसी। दो बार नाकाम रहने के बाद अब किसान 14 दिसंबर को शंभू बोर्डर से दिल्ली के लिए कूच करेंगे। आज संयुक्त किसान मोर्चा और किसान-मजदूर संघर्ष समिति की बैठक हुई, जिस में यह निर्णय लिया गया। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि 101 किसानों का जत्था 14 दिसंबर को दिल्ली की तरफ बढ़ेगा। इससे पहले किसान दो बार दिल्ली कूच की कोशिश कर चुके है। लेकिन हरियाणा पुलिस ने उन्हें बार्डर क्रॉस नहीं करने दिया।

**फिल्म स्टार्स, सिंगर्स, धार्मिक गुरुओं से मांगा समर्थन :** किसान नेता पंधेर ने आरोप लगाया कि उनकी मांगों को सुनने तक के लिए सरकार का कोई प्रतिनिधि नहीं आया जबकि किसान हमेशा बातचीत को तैयार रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब दिल्ली कूच के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है। पंढेर ने किसानों की मांगों का समर्थन करने के लिए फिल्म स्टार्स, सिंगर्स, धार्मिक नेताओं से अपील की है। उन्होंने कहा कि दिग्गज हस्तियां किसानों की मांगों को लेकर साथ आएं और किसानों की आवाज बुलंद करें। पंधेर ने एक बार फिर केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि शंभू बॉर्डर पर लगातार हरियाणा पुलिस व सुरक्षा बलों की ओर से किसान नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है। पंधेर ने कहा कि पुलिस की तरफ से कल जो आंसू गैस के गोले छोड़े गए थे, उनका असर अभी भी है। सुप्रीम कोर्ट के बाद अब पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने भी शंभू और खनौरी बॉर्डर खोलने की जनहित याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया है। हाईकोर्ट ने कहा है कि यह मामला पहले से ही सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग है। इसके बाद याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका वापस ले ली। इस से एक दिन पहले सुप्रीम कोर्ट ने भी बॉर्डर खोलने की याचिका खारिज कर दी थी और एक ही मामले को लेकर बार बार याचिका दायर करने पर याचिकाकर्ता को कड़ी फटकार लगाई थी। किसान नेता डल्लेवाल के मरणव्रत को आज 15 दिन हो गए हैं और तबीयत ज्यादा खराब हो गई है। किडनी और लिवर पर असर पड़ रहा है। डॉक्टरों ने मेडिकल बुलेटिन जारी करते हुए कहा कि उनका वजन 11 किलो कम हो चुका है। डल्लेवाल के आमरण अनशन के समर्थन में मंगलवार को खनौरी बॉर्डर पर मौजूद किसानों ने सुबह से ही भूख हड़ताल शुरु कर दी। आज खनौरी बॉर्डर पर किसान ट्राली में सुबह से चूल्हे में आग नहीं जली।

# महाराष्ट्र चुनाव में ईवीएम एसओपी का पालन नहीं हुआ, अब सुप्रीम कोर्ट जाएगा इंडिया ब्लॉक



मुंबई, एजेंसी। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक ने चुनाव आयोग और भाजपा पर चुनाव में कथित 'धांधली' का आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट जाने का फैसला लिया है। मंगलवार को शरद पवार गुट के नेता प्रशांत जगताप ने इसकी जानकारी दी। एनसीपी (शरदचंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार, आम आदमी पार्टी (आप) संयोजक अरविंद केजरीवाल और जाने-माने वकील एवं कांग्रेस नेता अभिषेक सिंघवी के बीच यहां हुई एक बैठक के बाद इस फैसले की घोषणा की गई। विपक्षी गठबंधन का आरोप है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन के पक्ष में ईवीएम में कथित गड़बड़ी हुई जिसके कारण वह महाराष्ट्र में चुनाव हार गया। बैठक के दौरान केजरीवाल ने दिल्ली में मतदाता सूची से संबंधित अपनी चिंताओं को उठाया, जहां अगले साल की शुरूआत में विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। प्रशांत जगताप ने एएनआई को दिए बयान में कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा भाजपा को जिताने के लिए जो धांधली की गई, उसके खिलाफ हम सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर करेंगे। हमें सुप्रीम कोर्ट पर भरोसा है और हम उम्मीद करते हैं कि शीर्ष अदालत हमारे पक्ष में और घोटाले के खिलाफ फैसला सुनाएगी। इससे पहले निवार्चन आयोग (ईसीआई) ने कहा था कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में डाले गए वोट और 'वोटर वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल' (वीपीपैट) पर्चियों के मिलान में कोई भी गड़बड़ी नहीं पाई गई। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में औचक तरीके से चुने गए मतदान केंद्रों से वीवीपीएटी पर्चियों की गिनती सफलतापूर्वक पूरी हुई। विपक्षी गठबंधन ने एनडीए पर हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के दौरान चुनावी धांधली का आरोप लगाया है और कहा है कि सरकार को लाभ पहुंचाने के लिए प्रक्रिया में हेराफेरी की गई। बता दें कि ईवीएम विपक्षी भारतीय ब्लॉक और एनडीए के बीच एक विवादास्पद मुद्दा रहा है। विपक्ष ने कई मौकों पर भाजपा पर मनचाहा परिणाम पाने के लिए चुनाव में धांधली करने का आरोप लगाया है।

**चुनाव परिणामों पर इंडिया ब्लॉक क्यों खफा :** हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के नतीजों के बाद इंडिया ब्लॉक असंतुष्ट इसलिए है, क्योंकि कुछ एग्जिट पोल में विपक्ष को व्यापक जनादेश मिलने की भविष्यवाणी की गई थी। जबकि हरियाणा की 90 सीटों में भाजपा ने बंपर 48 सीटें जीती, जबकि कांग्रेस को केवल 37 सीटें ही मिल सकीं। एग्जिट पोल के बाद जलेबियों का ऑर्डर दे चुकी कांग्रेस को मतगणना के बाद शर्मिंदगी उठानी पड़ी थी।

## स्टार शटलर पीवी सिंधु ने पीएम मोदी को दिया शादी का निमंत्रण



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु ने अपने होने वाले पति वेंकट दत्त साई के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उनके प्यार, स्नेह और मार्गदर्शन के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। सिंधु 22 दिसंबर को वेंकट के साथ शादी के बंधन में बंधने वाली हैं। पीएम मोदी के साथ अपनी मुलाकात पर विचार करते हुए, सिंधु पीएम मोदी की उनके साथ बैडमिंटन और वेंकट के साथ डेटा पर चर्चा करने की क्षमता से आश्चर्यचकित रह गईं।

उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा- आपके साथ समय बिताना हमेशा बहुत खास होता है। सर। हम आपके प्यार, स्नेह और मार्गदर्शन के लिए बहुत आभारी हैं। यह वास्तव में आश्चर्यजनक है कि आप मेरे साथ बैडमिंटन और दत्ता के साथ डेटा पर इतनी सहजता से चर्चा कैसे कर सकते हैं। एक्स पर निर्मला सीतारमण कार्यालय द्वारा साझा किए गए एक दृश्य में दो बार के ओलंपिक पदक विजेता ने वेंकट के साथ वित्त मंत्री से भी मुलाकात की।

हाल ही में सिंधु ने महान सचिन तेंदुलकर को अपनी शादी में आमंत्रित किया था। शटलर से शादी का निमंत्रण मिलने के बाद तेंदुलकर ने अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल का सहारा लिया। तेंदुलकर ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- बैडमिंटन में, स्कोर हमेशा प्यार से शुरू होता है, और वेंकट दत्त साई के साथ आपकी खूबसूरत यात्रा यह सुनिश्चित करती है कि यह हमेशा प्यार के साथ जारी रहे! अपने बड़े दिन का हिस्सा बनने के लिए हमें व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद।

फ्रेंचाइजी पर आधारित होंगी टीमें

# खेलों में राष्ट्रीय स्पोर्ट्स लीग कराएगा खेल मंत्रालय



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कबड्डी, हॉकी, टेबल टेनिस जैसे खेलों में जहां लीग पहले से ही चल रही हैं, वहां कोई छेड़छाड़ नहीं की जाएगी, लेकिन जिन खेलों में लीग नहीं हो रही है या आर्थिक कारणों से बंद हो चुकी है, उन खेलों में लीग आयोजित की जाएगी। हॉकी इंडिया लीग और प्रो कबड्डी लीग की तर्ज पर खेल मंत्रालय अन्य खेलों में लीग का आयोजन कराएगा। मंत्रालय तकरीबन 12 खेलों में राष्ट्रीय स्पोर्ट्स लीग का आयोजन कराने जा रहा है।

ये लीग फ्रेंचाइजी मॉडल पर आधारित होंगी और निजी औद्योगिक कंपनियां अन्य लीगों की तरह इनमें अपनी टीमें उतारेंगी। हालांकि राष्ट्रीय स्पोर्ट्स लीग में विदेशी खिलाड़ी नहीं खेलेंगे। इनमें सिर्फ देश के खिलाड़ियों को खेलने की अनुमति होगी। मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार राष्ट्रीय स्पोर्ट्स लीग को साई और राष्ट्रीय खेल संघों के साथ मिलकर आयोजित किया जाएगा। कबड्डी, हॉकी, टेबल टेनिस जैसे खेलों में जहां लीग पहले से ही चल रही हैं, वहां कोई छेड़छाड़ नहीं की जाएगी, लेकिन जिन खेलों में लीग नहीं हो रही है या आर्थिक कारणों से बंद हो चुकी है, उन खेलों में लीग आयोजित की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक अभी खेलों का चयन नहीं किया गया है, लेकिन खेल संघों से बातचीत के बाद इनका चयन किया जाएगा। मंत्रालय का मानना है कि 12 खेलों में लीग हो सकती है। लीग कराने का उद्देश्य 2036 के ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए उभरती प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है।

एक खेल संघ में एक ही लीग का आयोजन किया जाएगा। ऐसा नहीं होगा कि खेल संघ अपनी लीग कराए और मंत्रालय अलग से लीग कराए। इस मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने बताया कि हालांकि समय-सीमा अभी तय नहीं की गई है लेकिन योजना प्रक्रिया और खेलों की पहचान का काम अग्रिम चरण में है तथा समय आने पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी। मंत्रालय का मानना है कि यह 2036 में ओलंपिक की मेजबानी की महत्वाकांक्षा रखने वाले देश के लिए एक बड़ा बदलाव लाने वाला कदम होगा। सूत्र ने कहा, एनएसएल की शुरुआत के बाद प्रत्येक खेल में केवल एक लीग होगी। ऐसा नहीं होगा कि एनएसएफ. एक लीग का आयोजन करे और मंत्रालय दूसरी लीग का। सूत्र ने उन खेलों का खुलासा करने से इनकार कर दिया जिनमें मंत्रालय लीग शुरू करने का इरादा रखता है। उन्होंने कहा कि यह जल्द ही किया जाएगा। सूत्र ने यह भी कहा कि भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) को 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भेजा गया 'आशय पत्र' किसी विशेष शहर के लिए नहीं था।

ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि अगर भारत को खेलों की मेजबानी दी जाती है तो अहमदाबाद खेलों के महाकुंभ की मेजबानी करेगा। सूत्र ने कहा, देखिए, यह कहना बहुत जल्दबाजी होगी। भारत ने आईओसी को केवल आशय पत्र भेजा है। इसमें मेजबान शहर का उल्लेख नहीं है।

मेजबान शहर पर अभी तक कोई चर्चा नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि अगले साल के चुनाव में आईओसी प्रमुख के पद की दौड़ में आगे चल रहे विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन को ने हाल ही में नयी दिल्ली की अपनी यात्रा के दौरान खेल मंत्री मनसुख मांडविया के साथ उपयोगी चर्चा की।

## गाबा टेस्ट में टीम इंड़िया के टॉप ऑर्डर को करना होगा पलटवार



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पिंक टेस्ट में 10 विकेट से शर्मनाक हार से उबरने के बाद रोहित शर्मा के नेतृत्व में अब टीम इंड़िया ब्रिस्बेन पहुंच चुकी है. जहां 14 दिसंबर से भारतीय टीम गाबा स्टेडियम में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का तीसरा टेस्ट खेलने उतरेगी. यह मुकाबला सुबह 5 बजकर 50 मिनट पर शुरू होगा. वहीं टॉस 5 बजकर 20 मिनट पर होगा.

एडिलेड टेस्ट में विराट कोहली, रोहित शर्मा, ओपनर्स (यशस्वी जायसवाल), तीसरे तेज गेंदबाज हर्षित राणा और स्पिनर के तौर पर रविचंद्रन अश्विन इस मुकाबले में फ्लॉप रहे थे. ऐसे में टीम इंड़िया को अगर ब्रिस्बेन के गाबा में वापसी करनी है तो ये पांच फैक्टर सुधारने होंगे.

**1. रोहित को दिखाना होगा धांसू कम बैक:** खराब फॉर्म से जूझ रहे भारतीय कप्तान रोहित ने पिछली 12 पारियों में केवल एक अर्धशतक (52) के साथ महज 142 रन बनाए हैं. वो अपने बेटे अहान के जन्म के बाद टीम में शामिल हुए, लेकिन एडिलेड टेस्ट की दोनों पारियों में केवल 9 रन बनाए. वही छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे थे. पहले उन्हें फुलर डिलीवरी पर एलबीडब्लू करार दिया गया, जबकि दूसरे प्रयास में उन्हें ऑस्ट्रेलियाई पैट कमिंस की लेंथ बॉल पर बोल्ड हो गए.

**2. कोहली का गाबा में चलना जरूरी:** कोहली ने पर्थ में शतक के साथ अपने 16 महीने के शतक के सूखे को समाप्त किया, ऐसा लगा कि किंग कोहली की वापसी हो गई है. लेकिन पिंक बॉल टेस्ट में वो पहले दूसरी स्लिप में और फिर विकेटकीपर के हाथों में कैच हाउट हो गए. दोनों पारियों को मिलाकर वह 18 रन ही बना सके. कोहली को गाबा में दम दिखाना होगा.

**3. राहुल-यशस्वी से उम्मीदें:** केएल राहुल ने पर्थ टेस्ट में रोहित की गैरमौजूदगी में यशस्वी जायसवाल संग ओपनिंग की. राहुल ने पर्थ टेस्ट की पहली पारी 26 तो दूसरी पारी में 77 रनों की पारी खेली. जायसवाल ने पहली पारी में 0 पर आउट होने के बाद दूसरी पारी में 161 रनों की शानदार पारी खेली थी. उस मैच में केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल ऑस्ट्रेलिया में एक टेस्ट पारी में 200 रन बनाने वाली पहली भारतीय ओपनर जोड़ी बन गई थी. कुल मिलाकर ऐसा पहली बार हुआ. दोनों ने पहले विकेट के लिए 201 रन जोड़े.

लेकिन एडिलेड टेस्ट में दोनों ही लंबी पार्टनरशिप नहीं कर सके. एडिलेड टेस्ट में यशस्वी तो पहली ही गेंद पर क्लीन बोल्ड हो गए. दूसरी पारी में उन्होंने 24 रन बनाए. वहीं केएल राहुल ने एडिलेड टेस्ट में पहली पारी में 37 तो दूसरी में 7 रन बनाए.

## दबाव सिर्फ उस्मान ख्वाजा पर नहीं, बल्कि पूरे शीर्ष क्रम पर है : वॉर्नर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व बल्लेबाज डेविड वार्नर ने कहा है कि मौजूदा बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के लिए रन बनाने की जिम्मेदारी केवल सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा पर नहीं है, बल्कि पूरे शीर्ष छह पर है जिन्हें टीम के तेज गेंदबाजी आक्रमण पर काम का बोझ कम करने के लिए बड़ा प्रदर्शन करने की जरूरत है। ख्वाजा ने सीरीज की शुरुआत खराब की है, पहले दो टेस्ट में सिर्फ 34 रन ही बना पाए हैं।

शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में उनकी असमर्थता लंबे समय से चल रही है, ऑस्ट्रेलिया के लिए अपनी पिछली 16 पारियों में उन्होंने सिर्फ एक अर्धशतक बनाया है। हालांकि ख्वाजा अकेले नहीं हैं जो इस परेशानी से जूझ रहे हैं। स्टीव स्मिथ ने तीन पारियों में सिर्फ 19 रन बनाए हैं जबकि मार्नस लाबुशेन ने एडिलेड में 64 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत की है। वार्नर ने कहा, मुझे लगता है कि दबाव सिर्फ उज्जी पर नहीं, बल्कि पूरे शीर्ष क्रम पर है। ट्रैविस ने शानदार शतक बनाया और हम जानते हैं कि वह ऐसा करने में सक्षम है। लेकिन हर कोई इसका समर्थन कर रहा है। यह सिर्फ एक खिलाड़ी की बात नहीं है, बल्कि शीर्ष छह खिलाड़ियों ने बहुत ज़्यादा रन बनाए और सुनिश्चित किया कि तेज गेंदबाज़ों को आराम दिया जाए। पहला मैच तेज गति वाला टेस्ट था, लेकिन इस आखिरी मैच में मिचेल स्टार्क हमेशा की तरह गुलाबी गेंद से अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर थे।

## वेस्टइंडीज ने 10 साल में पहली बार बांग्लादेश से वनडे श्रृंखला जीती



**बासेटेरे (सेंट किट्स एंड नेविस), एजेंसी।** तेज गेंदबाज जेडन सील्स के चार विकेट और सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग के आकर्षक अर्धशतक की मदद से वेस्टइंडीज में दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बांग्लादेश को 79 गेंद शेष रहते हुए सात विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बनाई।

वेस्टइंडीज ने पहले बांग्लादेश को 46 ओवर में 227 रन पर आउट कर दिया और फिर 36.5 ओवर में तीन विकेट पर 230 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। यह पिछले 10 वर्षों में पहला अवसर है जबकि वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश से वनडे श्रृंखला जीती है। उसने रविवार को इसी मैदान पर खेला गया पहला मैच पांच विकेट से जीता था। तीसरा और अंतिम वनडे इसी मैदान पर गुरुवार को खेला जाएगा। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद नियमित अंतराल में विकेट गंवाए। एक समय उसका स्कोर सात विकेट पर 115 रन था। महमुदुल्लाह (62) और तंजीम हसन साकिब (45) ने यहां से 92 रन की साझेदारी करके टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। सलामी बल्लेबाज तंजीद हसन ने 46 रन का योगदान दिया। वेस्टइंडीज की तरफ से सील्स ने 22 रन देकर चार विकेट लिए।

वेस्टइंडीज के लिए लक्ष्य तक पहुंचना औपचारिकता मात्र रहा। ब्रैंडन किंग और एविन लुईस ने पहले विकेट के लिए 21 ओवर में 109 रन की साझेदारी करके वेस्टइंडीज को धमाकेदार शुरुआत दिलाई। किंग ने 82 रन बनाए जबकि लुईस (49) और कीसी कार्टी (45) अर्धशतक से चूक गए।

इंडिया वर्सेस ऑस्ट्रेलिया गाबा टेस्ट

## झुकेगा नहीं ऋषभ पंत... फायर है मोहम्मद सिराज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पुष्पा झुकेगा नहीं... पुष्पा नाम सुनकर फ्लावर समझे क्या, फायर है मैं.. यह डायलॉग अब तक आपने सिर्फ सिनेमा के बड़े पर्दे पर साउथ के सुपर स्टार अल्लू अर्जुन से ही सुने होंगे. मगर अब कुछ इसी पुष्पा स्टाइल में आप भारतीय क्रिकेटर्स को भी अगले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंगार बरसाते हुए देख सकेंगे. भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का तीसरा मुकाबला ब्रिस्बेन के गाबा में 14 दिसंबर से खेलना है. लगातार दूसरी बार गाबा को जीतने के लिए ऋषभ पंत को पुष्पा बनते देख सकेंगे. वो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैदान में उतरने के साथ अपने बल्ले से यह समझा देंगे कि वो इस बार भी झुकेंगे नहीं. सिराज को फ्लावर समझे क्या... इस बार वो पुष्पा की तरह वाइल्ड फायर बनकर बरसने वाले हैं. उन्होंने एडिलेड टेस्ट में अपने एग्रेशन से ट्रेविस हेड और बाकी कंगारू खिलाड़ियों को जमकर परेशान किया था. अब वो गाबा में फायर बनने वाले हैं.



पुष्पा-2 फिल्म के आखिर में हीरो अपनी भतीजी को बचाने के लिए गुंडों को रप्पा-रप्पा डायलॉग बोलकर बदला लेने की बात कहता है. आखिर में वो ऐसा करके भी दिखाता है. कुछ इसी तरह गाबा टेस्ट में शुभमन गिल और वॉशिंगटन सुंदर को भी देख सकते हैं. उन्होंने पिछली बार गाबा टेस्ट में धूम मचा दी थी. अब वो दूसरे पार्ट में यानी लगातार दूसरे गाबा टेस्ट में तहलका मचाने को तैयार हैं.

दरअसल, कहानी कुछ यूं है कि भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को उसी के घर में लगातार पिछली 2 टेस्ट सीरीज में शिकस्त दी है. पिछला दौरा 2020 के आखिर में किया था, तब 4 टेस्ट की सीरीज में 2-1 से हराया था. उस दौरान गाबा टेस्ट में भारतीय टीम ने 3 विकेट से कंगारू टीम को शिकस्त दी थी.

उस सीरीज का सबसे कड़ा मुकाबला कहें तो यही गाबा टेस्ट था. उस दौरान विकेटकीपर बल्लेपबाज ऋषभ पंत, तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज, ओपनर शुभमन गिल और स्पिन ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर ने जीत के लिए जी-जान लगा दिया था. उस टेस्ट में चेतेश्वर पुजारा, अजिंक्य रहाणे, शार्दुल ठाकुर ने भी कंगारू टीम की कमर तोड़ी थी. मगर यह तीनों इस बार दौरे पर नहीं हैं. पंत, सिराज, गिल और सुंदर एक बार फिर दौरे पर पहुंचे हैं. तीनों फॉर्म में भी हैं. पिछली बार गाबा टेस्ट में ऋषभ पंत प्लेयर ऑफ द मैच रहे थे. यही वजह है कि इस बार वो गाबा में झुकेगा नहीं डायलॉग के साथ उतरने वाले हैं. वो फिर अपना पुराना रोद्र रूप दिखा सकते हैं.

**सुंदर और गिल ने खेली रप्पा-रप्पा वाली पारी:** 2021 के गाबा टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 369 और फिर भारतीय टीम ने 336 रन बनाए थे.

टीम इंडिया के बाद यहां खेलना भी मुश्किल, सेलेक्टर्स ने लिया फैसला

# पांडे जी का करियर खत्म?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया के बाद अब पांडे जी को घरेलू क्रिकेट की टीम से भी बाहर कर दिया गया है. टीम इंडिया के सेलेक्टर्स के बाद अब उनकी घरेलू टीम कर्नाटक के सेलेक्टर्स ने भी उन्हें टीम से बाहर का रास्ता दिखा दिया है. पांड जी से यहां मतलब मनीष पांडे से है. 35 साल के मनीष पांडे इस महीने के आखिर में शुरू हो रहे विजय हजारे ट्रॉफी में खेलते नहीं दिखेंगे. वो रणजी ट्रॉफी के दूसरे हाफ के मुकाबले भी नहीं खेलेंगे क्योंकि सेलेक्टर्स ने उन्हें उस टीम से भी बाहर कर दिया है. सवाल है कि क्या मनीष पांडे का क्रिकेट करियर खत्म होने वाला है? ये सवाल इसलिए भी गहराता दिख रहा है क्योंकि केएससीए सेलेक्टर्स ने मनीष पांडे को बाहर करने की वजह युवाओं को मौका देने को बताया है. केएससीए के चेयरमैन जे. अभिराम ने बताया कि मनीष पांडे को सभी फॉर्मेट से बाहर किया गया है. उन्होंने ये भी कहा कि 35 साल के क्रिकेटर को बाहर करने का फैसला अचानक नहीं लिया गया, बल्कि इस बारे में उनसे बात भी हुई है. स्पोर्टस्टार से जे. अभिराम ने बताया कि मनीष पांडे बेहतरीन बल्लेबाज हैं. उनकी काबिलियत पर शक नहीं. लेकिन कुछ ऐसे मोड़ आते हैं जब आपको कठोर कदम उठाने पड़ते हैं.



साउथअफ्रिका वर्सेस पाकिस्तानः

## टी-20 इंटरनेशनल में शाहीन अफरीदी का शतक




**नईदिल्ली, एजेंसी।** डरबन में खेला पहला टी-20 भले ही साउथ अफ्रीका ने जीत लिया है. लेकिन, पाकिस्तान की हार के बावजूद उसके तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने एक बड़ा कमाल किया है. इस कमाल को करने वाले शाहीन अफरीदी पाकिस्तान के पहले और दुनिया के चौथे गेंदबाज बन गए हैं.

शाहीन ने ये कमाल डरबन में खेले टी-20 इंटरनेशनल मैच में अपना शतक पूरा करते हुए किया. यहां शतक से मतलब रनों के आंकड़े से नहीं बल्कि विकेटों की संख्या से है. शाहीन अफरीदी टी-20 इंटरनेशनल में 100 शिकार करने वाले गेंदबाज बन गए हैं.

**इस मामले में पाकिस्तान के पहले गेंदबाज बने:** अब आप कहेंगे कि शाहीन अफरीदी से पहले तो टी-20 इंटरनेशनल में 100 विकेट हारिस रऊफ और शादाब खान भी ले चुके हैं. फिर वो पहले गेंदबाज कैसे हुए तो बेशक ञ20 इंटरनेशनल में 100 विकेट लेने वाले शाहीन अफरीदी पाकिस्तान के तीसरे गेंदबाज हैं. लेकिन, क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में 100 विकेट लेने वाले वो पाकिस्तान के पहले और दुनिया के चौथे तेज गेंदबाज हैं.

**ऐसा करने वाले दुनिया के चौथे गेंदबाज शाहीन:** दुनिया में क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में 4 विकेट लेने वाले शाहीन अफरीदी चौथे गेंदबाज हैं.

उनसे पहले श्रीलंका के लसिथ मलिंगा, न्यूजीलैंड के टिम साउदी और बांग्लादेश के शाकिब अल हसन भी ये कारनामा कर चुके हैं. शाहीन शाह अफरीदी के टेस्ट में 116 विकेट, वनडे में 112 विकेट और अब टी-20 में 100 विकेट हैं.

**4 ओवर में शाहीन अफरीदी ने लिए 3 विकेट:** मुकाबले की बात करें तो शाहीन अफरीदी ने साउथ अफ्रीका के 3 महत्वपूर्ण विकेट अपने नाम किए. उन्होंने पहले नई गेंद से उसके ओपनर रासी वैन डर दुसे को बिना खाता खोले ही डगआउट भेजा.

# चैंपियंस ट्रॉफी से हटने पर पाकिस्तान को होगा भारी नुकसान

**कराची, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अगर चैंपियंस ट्रॉफी के आयोजन को लेकर चल रहे गतिरोध के कारण अगले साल फरवरी मार्च में होने वाली इस 50 ओवर की प्रतियोगिता से हटने का फैसला करता है तो उसको राजस्व के भारी नुकसान के अलावा मुकदमों का भी सामना कर पड़ सकता है और वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से अलग-थलग भी पड़ सकता है।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की प्रतियोगिताओं के आयोजन से जुड़े एक वरिष्ठ क्रिकेट प्रशासक ने बुधवार को बताया कि अगर आईसीसी और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) हाइब्रिड मॉडल को पूरी तरह से स्वीकार करने से इनकार करते हैं तो पीसीबी के लिए टूर्नामेंट से हटने का फैसला करना आसान नहीं होगा।

इस अधिकारी ने कहा, 'पाकिस्तान ने न केवल आईसीसी के साथ मेजबानी से जुड़े समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, बल्कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अन्य सभी देशों की तरह उसने आईसीसी के साथ सदस्यों की अनिवार्य भागीदारी से



संबंधित समझौते (एमपीए) पर भी हस्ताक्षर किए हैं। आईसीसी की प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए एमपीए पर हस्ताक्षर करने के बाद ही कोई सदस्य देश आईसीसी प्रतियोगिताओं से होने वाली कमाई का हिस्सा पाने का हकदार होता है।

अधिकारी में कहा, 'सबसे महत्वपूर्ण बात किया है कि आईसीसी ने अपनी सभी प्रतियोगिताओं के लिए प्रसारक से समझौता किया है जिसमें उसने गारंटी दी है कि चैंपियंस ट्राफी सहित आईसीसी की प्रतियोगिताओं में उसके सभी सदस्य देश भाग लेंगे। आईसीसी पिछले सप्ताह चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन हाइब्रिड मॉडल से करवाने पर सहमति हासिल करने में सफल रहा था। इसके अनुसार भारत अपने मैच दुबई में खेलेगा। इसके अलावा आईसीसी की 2027 तक होने वाली प्रतियोगिताओं में यह व्यवस्था बरकरार रहेगी। इसकी हालांकि अभी तक औपचारिक घोषणा नहीं की गई है। अगर यह समझौता हो जाता है तो इसका मतलब होगा कि पाकिस्तान 2027 तक होने वाली आईसीसी प्रतियोगिताओं के लिए भारत का दौरा करने के लिए बाध्य नहीं होगा।

# अवैध कट्टा कारतूस लिये एक आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस. थोटा के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अजयगढ़ श्री आर एस भदौरिया के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी बृजपुर उनि भानुप्रताप सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा अवैध कट्टा कारतूस लिये 01 आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर जेल भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध अस्त्र/शस्त्रो के निर्माण, भण्डारण एवं विक्रय करने वाले आरोपियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है । पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार जिले के समस्त थाना/चौकी में थाना स्तर पर पुलिस टीमो का गठन किया गया है। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी बृजपुर उनि भानुप्रताप सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया । जिसके फलस्वरूप



दिनांक 09.12.2024 को मुखबिर द्वारा थाना प्रभारी बृजपुर को सूचना दी गई कि ग्राम पुखरा का विजय तिवारी अवैध कट्टा लिये आम लोगों को आतंकित कर रहा है। पुलिस टीम द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को मुखबिर सूचना से अवगत कराया जाकर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशुनासार मुखबिर सूचना की तस्दीक हेतु ग्राम पुखरा पहुँचकर देखा गया तो एक व्यक्ति रोड से दूसरी तरफ जाते हुये दिखा । उक्त व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर मौके से भागने की कोशिस करने लगा । पुलिस टीम द्वारा तत्परता पूर्वक घेराबंदी की जाकर उक्त संदेही व्यक्ति को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया । पुलिस टीम द्वारा उक्त संदेही व्यक्ति से नाम पता पूँछे जाने के बाद तलाशी लिये जाने पर उसके लोवर के दाहिने तरफ के जेब से एक 315 बोर का अवैध कट्टा तथा बाये तरफ के जेब में एक 315 बोर का जिन्दा कारतूस पाया गया । पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से उक्त अवैध कट्टा एवं कारतूस जप्त किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है । आरोपी के विरूद्ध थाना बृजपुर में अप.क्र.226/2024 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध किया गया हैं।

जप्त सामग्री में पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से 315 बोर का एक अवैध कट्टा एवं 01 जिन्दा कारतूस कीमती करीब 5 हजार रूपये का जप्त किया गया है ।

01 आरोपी गिरफ्तार

सराहानीय योगदान - उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी बृजपुर उनि भानुप्रताप सिंह, सउनि.प्रीतम सिंह चौकी प्रभारी पहाडीखेरा, सउनि.प्यार खान, सउनि.अयोध्या प्रसाद, प्रआर. अरूण कुमार, राजेश कुमार, आर. सुधीर अरजरिया, रामनिवास, कृष्णकांत चौरसिया, दिनेश, राकेश बघेल, प्रवेन्द्र यादव, तेजूलाल की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उपरोक्त पुलिस टीम को पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है।

## रैपुरा क्षेत्र में जल्द संचालित किए जाए धान खरीदी केन्द्र

**पवई।** धान खरीदी केन्द्र प्रदेश में इन दिनों सारी व्यवस्थाएं चौपट नजर आ रही हैं। यह सरकार किसानों के साथ छलावा कर रही है जिससे किसान परेशान है। जिले में 2 दिसंबर से धान की खरीदी केंद्र खोले जानें थे लेकिन रैपुरा क्षेत्र में आज तक धान खरीदी केन्द्र नहीं खुले हैं। नीरज बड़ागांव ने बताया कि एक सप्ताह बीत जाने के बाद किसी भी केंद्र में धान की खरीदी चालू नहीं हुई है। रबी की फसल की बुबाई के लागत खर्च के लिए किसान धान को कम मूल्य में बेच रहा है। जिससे किसानों को उनके उत्पादन की उचित कीमत नहीं मिल पा रहा है। बाजार में धान 1500- 1600 रुपये प्रति किंवटल बिक रही है। जबकि सरकार ने 2300 मूल्य निर्धारित किया है। प्रशासनिक अधिकारियों की उदासीनता के चलते किसानों को बहुत नुकसान हो रहा है। जिला महासचिव युवक कांग्रेस नीरज बड़ागाँव ने कहा यदि आने वाले 1 सप्ताह में धान की खरीदी चालू नहीं होती है तो किसानों द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा। इसके लिए प्रशासन व सरकार जिम्मेदार होंगे।

## छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मानवाधिकार दिवस पर कार्यशाला आयोजित

**पन्ना।** छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना के प्राचार्य डॉ. एस. पी. एस. परमार एवं स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के संयोजक डॉ. बी.एन. जायसवाल के नेतृत्व में छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना में मानवाधिकार दिवस के अवसर पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शीर्षक ष्मानवाधिकार की रक्षा एवं संरक्षणरू एक सामूहिक प्रयासष् था। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. पी. एस. परमार एवं प्रशासनिक अधिकारी डॉ. पी. पी. मिश्रा द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित करके किया गया। प्राचार्य जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज, हम विश्व मानवाधिकार दिवस मना रहे हैं। यह हमें मानवाधिकारों के महत्व को याद दिलाता है और हमें उनके संरक्षण के लिए प्रेरित करता है। हम सभी मानवाधिकारों के संरक्षण के लिए काम करें और अपने समाज में मानवाधिकारों के महत्व को बढ़ावा दें। कार्यक्रम के नोडल




अधिकारी डॉ बी एन जायसवाल ने कहा कि मानवाधिकार हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। ये हमें अपने जीवन को स्वतंत्र रूप से जीने का अधिकार देते हैं, हमें अपने विचारों को व्यक्त करने का अधिकार देते हैं और हमें अपने समाज में समानता और न्याय का अधिकार देते हैं। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. रजनीश चौरसिया ने छात्रों को बताया कि आज भी हमारे समाज में मानवाधिकारों का उल्लंघन होता है। हमें अपने आसपास मानवाधिकारों के उल्लंघन के कई उदाहरण देखने को मिलते हैं। महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा, बच्चों के साथ होने वाली शोषण, अल्पसंख्यक समुदायों के साथ होने वाली भेदभाव, ये सभी मानवाधिकारों के उल्लंघन के उदाहरण हैं। डॉ. अरविंद मंडेलिया ने बताया कि मानवाधिकार दिवस मानवाधिकारों के महत्व को याद दिलाता है और हमें उनके संरक्षण के लिए प्रेरित करता है। डॉ. पियूषा शर्मा ने कहा कि मानवाधिकारों के लिए हमें एकजुट होना चाहिए। हमें अपने समाज में मानवाधिकारों के महत्व को बढ़ावा देना चाहिए। हमें अपने आसपास मानवाधिकारों के उल्लंघन के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए।

इस कार्यशाला में डॉ. सिद्धू सिंह, डॉ सतीश त्रिपाठी, डॉ. सचिन गोयल, डॉ.पुष्पराज चौरसिया व अन्य प्राध्यापक के साथ बड़ी मात्रा में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. पियूषा शर्मा एवं आभार प्रदर्शन डॉ. अरविंद मंडेलिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान द्वारा किया गया।

## मानव अधिकार दिवस पर जिला जेल में लगाया विधिक जागरूकता शिविर



**पन्ना।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय द्वारा राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के अवसर पर मंगलवार को जिला जेल पन्ना में बंदियों के अधिकार के संबंध में विधिक जागरूकता शिविर लगाया गया। शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते ने समस्त बंदियों को मानव अधिकार दिवस की शुभकामनाएं देते हुए 14 दिसम्बर को नेशनल लोक अदालत में राजीनामा एवं प्ली ऑफ बारगेनिंग के माध्यम से निराकरण योग्य प्रकरणों का अधिकाधिक संख्या में निराकरण करवाकर शीघ्र न्याय प्राप्त करने के अवसर का लाभ उठाने का आह्वान किया। साथ ही बंदियों के प्रकरणो में विधिक सहायता अपील कराए जाने तथा विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में लीगल एड काउंसिल सिस्टम टीम चीफ आंनद त्रिपाठी सहित जेल अधीक्षक आर.पी. मिश्रा भी उपस्थित रहे।

## प्लांटेशन लगाने के नाम पर सैकड़ों हरे-भरे वृक्षों की कटाई, कार्यवाहक वनपाल व बीट गार्ड सस्पेंड

### जिले के उत्तर वन मंडल अंतर्गत वन परिक्षेत्र धरमपुर के पिस्टा बीट का मामला

**पन्ना।** जिले के उत्तर वन मंडल अंतर्गत वन परिक्षेत्र धरमपुर के पिस्टा बीट में 2 स्थानों पर प्लांटेशन लगाने के नाम पर सागौन, सेझ, धवा, तेंदू आदि के सैकड़ों हरे-भरे वृक्षों को कुल्हाड़ी से कटवाने व जेसीबी से उखाड़ने का मामला उजागर होने से वन विभाग में हड़कंप मच गया है। जैसे ही इसकी जानकारी उत्तर वन मंडल के डीएफओ गर्वित गंगवार को मिली उन्होंने दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया जहां 1 स्थान पर 88 सागौन के पेड़ और दूसरे स्थान पर सैकड़ा भर से अधिक पेड़ कटाई की पुष्टि हुई। हालांकि दूसरे स्थान पर कटे व जेसीबी से उजाड़े पेड़ों की गणना अभी जारी बताई गई है जो लगभग



सैकड़ा भर से अधिक पहुंच सकती है। डीएफओ श्री गंगवार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्यवाहक वनपाल अनुपमा चुटकुले और बीट गार्ड नीरज गुप्ता को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। हालांकि लोग सवाल यह उठा रहे हैं कि इस मामले में रेंजर वैभव सिंह चंदेल पर भी कार्रवाई होनी चाहिए क्योंकि यह मामला रेंजर के संज्ञान में होने के बावजूद कार्रवाई से दूर वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना भी नहीं दी गई। स्थानीय जागरूक व्यक्तियों के द्वारा सूचना देने के बाद डीएफओ श्री गंगवार मौके पर पहुंचे और निरीक्षण किया जिसमें यह मामला उजागर हुआ।

**इनका कहना है**

*मामले की शिकायत प्राप्त होते ही मेरे द्वारा स्वयं मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया जहां 2 स्थानों पर लगभग 200 पेड़ कटने की पुष्टि हुई है दूसरे स्थान की गणना अभी जारी है। मामले में कार्यवाहक वनपाल और डिप्टी रेंजर को सस्पेंड कर दिया गया है जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा सख्त कार्रवाई की जाएगी।*

**गर्वित गंगवार डीएफओ**
**उत्तर वन मण्डल पन्ना**

## जनसुनवाई में हुई 27 आवेदनों पर कार्यवाही




**पन्ना।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 27 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की गई।

इस दौरान अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र एवं संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम मौजूद थे। राज्य शासन के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई हुई। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में भी लोगों की समस्याओं को सुना और उनका निराकरण किया गया।

## पिरामल स्वास्थ्य व्दारा टीबी चौंपियनों की एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

**पन्ना।** पिरामल स्वास्थ्य के तत्वावधान में भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा आयोजित आईपीडीपी सभाकक्ष पन्ना में टीबी चौंपियनों की एक दिवसीय कार्यशाला मंगलवार को आयोजित की गई। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य टीबी चौंपियनों को आवश्यक कौशल और ज्ञान प्रदान करना है ताकि वे आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्तर पर कार्य कर सकें और कम्युनिटी एंगेजमेंट में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। इस अवसर पर स्टेट लीडर श्री लक्ष्मीधर सिंह, जिला क्षय केंद्र से डीपीसी विकास श्रीवास्तव, पीएमडीटी कार्डिनेटर राजेश आरख, जागृति



मैडम, पिरामल स्वास्थ्य से डिस्ट्रिक्ट लीड अनीश शर्मा मौजूद रहे। कार्यशाला में टीबी चौंपियनों को प्रशिक्षित कर उन्हें आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्तर पर रोगियों की काउंसलिंग और समुदाय में जागरूकता फैलाने की जिम्मेदारी सौंपी जायेगी। यह पहल ष्इंपैक्ट इंडिया प्रोजेक्टष् को सफल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के दौरान मौजूद विशेषज्ञों ने टीबी के प्रभावी प्रबंधन और रोगियों को मानसिक एवं शारीरिक समर्थन प्रदान करने के उपायों पर चर्चा की। स्टेट लीडर श्री लक्ष्मीधर सिंह ने कहा कि टीबी चौंपियनों का यह योगदान न केवल रोगियों के लिए फायदेमंद होगा बल्कि यह समाज में टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी सहायक साबित होगा। इस कार्यशाला के माध्यम से टीबी चौंपियनों को अपने अनुभव साझा करने और अन्य रोगियों को प्रेरित करने का एक मंच भी प्रदान किया गया। इस पहल से टीबी उन्मूलन की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को गति मिलने की उम्मीद है।

## अजयगढ क्षेत्र मे पर्यटन विकास को लेकर अनुविभागीय अधिकारी को क्षेत्रीय विकास संघ संयोजक ने सौपा पत्र

**पन्ना।** अजयगढ़ तहसील में अनेक प्राचीन तथा कलात्मक ऐतिहासिक धरोहर है, इस लिए उक्त पर्यटन क्षेत्रों से क्षेत्र का विकास हो सकता है, जिसको लेकर क्षेत्रीय विकास संघ द्वारा अनुविभागीय अधिकारी अजयगढ़ को ज्ञापन पत्र सौपकर क्षेत्र का विकास कराये जाने की मांग की गई है। सघं के संयोग श्रीराम पाठक नें पत्र में उल्लेख किया कि अजयगढ़ क्षेत्र प्राचीन काल से ही पर्यटन के लिए जाना जाता है, जहां पर ऐतिहासिक तथा प्राचीन धरोहरे मौजूद है।

## हम होंगे कामयाब पखवाड़ा का हुआ समापन

**पन्ना।** शासन के निर्देशानुसार गत 25 नवम्बर से प्रारंभ 16 दिवसीय हम होंगे कामयाब पखवाड़ा का आज समापन हो गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पखवाड़ा अंतर्गत विभिन्न विभागों के सहयोग एवं समन्वय से महिलाओं एवं बालिकाओं को कई महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया गया। इस क्रम में आज वन स्टॉप सेंटर पन्ना में कोतवाली एवं महिला थाना पन्ना के सहयोग से महिला सुरक्षा पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कोतवाली थाना प्रभारी रोहित मिश्रा, महिला थाना प्रभारी फूल कुमारी, सिविल लाइन चौकी प्रभारी शक्ति पांडेय, उप निरीक्षक कस्तूरी अहिरवार द्वारा उपस्थितजनों को अत्याचार एवं हिंसा की रोकथाम, जरूरी पुलिस सहायता, विभिन्न हेल्पलाइन नंबर इत्यादि की जानकारी दी गई।

सखी सेंटर की प्रशासक कविता पाण्डेय ने वन स्टाप सेन्टर की भूमिका के बारे में अवगत कराते हुए बताया कि एक ही स्थान पर सभी प्रकार की हिंसा से प्रभावित बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए केन्द्र द्वारा नि:शुल्क आपातकालीन एवं गैर आपातकालीन सहायता उपलब्ध कराई जाती है। महिला हेल्पलाइन की नि:शुल्क सहायता 181 पर 24 घंटे एवं प्रत्येक दिवस उपलब्ध है। सेन्टर द्वारा कानूनी सहायता एवं परामर्श सहित चिकित्सा एवं पुलिस सहायता तथा पुनर्वास हेतु आश्रय तथा मनो-सामाजिक परामर्श भी दिया जाता है। पुनर्वास हेतु शक्ति सदन की नि:शुल्क सुविधा के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में निर्भया मोबाइल टीम की प्रधान आरक्षक कल्पना बागरी, आरक्षक रंजना गौतम एवं सृष्टि तिवारी, ज्योति बुंदेला, मीरा लोधी, शिवानी शर्मा भी उपस्थित रहीं।

## मा. शा. फरस्वाहा में बालक बालिकाओं के लिए एक ही शौंचालय

### रनिंग वॉटर सप्लाई भी नहीं, टैंक के पाईप का जाम होना भी समस्या

**पन्ना।** आखिर शौंचालय के नाम पर विद्यालयों में प्रशासन के द्वारा भले ही कितना भी जोर दिया जाये पर वास्तविक हकीकत जमीनी स्तर पर कुछ और ही बयां करती है। उदाहरण को लेकर जिले के अजयगढ़ जनपद अंतर्गत ग्राम फरस्वाहा में जहां माध्यमिक शाला में एक ही शौंचालय एक ही गेट बालक-बालिकाओं को लेकर उपयोग के लिए बनाया गया है। वह भी पानी की व्यवस्था के लिए रनिंग वाटर को लेकर कोई पहल नहीं की गई। और न ही शौंचालय के ऊपर पानी की टंकी आदि रखी गई। वहीं हैण्डपम्प से शौंचालय की सफाई को लेकर कभी कभार पानी लेना होता है। इतना ही नहीं जब बालिकाओं को इस शौंचालय के उपयोग को लेकर आवश्यकता होती है तो उन्हें अपने घरों में ही जाना होता है। इतना ही नहीं विद्यालय में महिला शिक्षकों के लिए एक बड़ी समस्या है। माध्यमिक शाला फरस्वाहा के इस शौंचालय के टैंक का पाईप ही जाम होना बताया जाता है या कि टैंक है ही नहीं यह अपने आप में अनसुलझा सवाल है। विद्यालय के प्रभारी एच.एम. से इस बारे में जब जाना गया तो बोले मैं तो अभी कुछ समय पहले ही आया हूं मुझे इसी तरह शौंचालय व्यवस्था मिली हुई है। मै स्वयं ही कभी कभार हैण्ड पम्प से पानी लेकर डालता हूं। यह दास्ता आखिरकार जमीनी हकीकत को स्वयं ही आईना दिखा रही है किस तरह से मॉनीटरिंग होती है शिक्षा विभाग के जिम्मेदार सी.ए.सी., बी.ए.सी. जो कहीं न कहीं ग्रामीण क्षेत्र में भ्रमण के दौरान विद्यालयों की शैक्षणिक व्यवस्था के साथ-साथ अन्य समस्याओं को लेकर क्या नजर डालते है यह इसका जीता-जागता उदाहरण है। जहां इस विद्यालय में स्वयं ही शौंचालय की दास्ता से नजर आ रही व्यवस्था आखिर बालिकाओं के शौंचालय को लेकर क्या बालकों के साथ ही एक शौंचालय में ही एक ही गेट में उचित माना गया।

वहीं क्या शिक्षा विभाग के जिम्मेदार उपयंत्री ने भी इस शौंचालय को बनाने में यह व्यवस्था उचित मानी है। आखिर अपने आप में बालिकाओं की सुरक्षा व शौंचालय व्यवस्था दोनों प्रश्न खड़े कर रही है। वहीं बालक भी उसी गेट का उपयोग करें वहीं बालिकायें भी उसी गेट से अंदर शौंचालय में जाने के लिए मजबूर है।

## जादू-टोना करके पैसा दोगुना करने के नाम पर ठगी करने वाले ठग गिरोह के 02 फरार आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

### आरोपियों के कब्जे से ठगे गये नगद 62,900 रूपये जप्त

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्णा एस. थोटा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पवई श्री सौरभ रत्नाकर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिमरिया पुलिस टीम द्वारा जादू-टोना करके पैसा दोगुना करने के नाम पर फरियादी के साथ 1 लाख 47 हजार रूपये की धोखाधड़ी करने वाले मामले का खुलासा पूर्व में किया जा चुका है। जिसमें पुलिस टीम द्वारा पूर्व में 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा गया था। शेष 03 आरोपी घटना दिनांक से फरार थे। मामले में 02 फरार आरोपियों को पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया है। दिनांक 24/10/24 को फरियादी द्वारा थाना सिमरिया में रिपोर्ट की गई कि 5 आरोपियों द्वारा जादू-टोना करके पैसा दोगुना करने का भरोसा देकर तंत्र मंत्र करने का ढोंग करके मुझसे 1 लाख 20 हजार रूपये ठग लिये हैं । फरि्यादी की रिपोर्ट पर थाना सिमरिया में अज्ञात 05 आरोपियों के विरूद्ध धोखाधड़ी करने का अपराध क्रमांक 423/24 कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया था । मामले में पुलिस टीम द्वारा 02 आरोपियों को पूर्व में दिनांक 26/10/24 को गिरफ्तार किया जा चुका है मामले के शेष 03 आरोपी घटना दिनांक से फरार है । पुलिस अधीक्षक पन्ना के



निर्देशन में सिमरिया थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम द्वारा मामले में फरार आरोपियों के संबंध में लगातार तलाश पतारसी की गई। साथ ही पुलिस टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। जिसके फलस्वरूप पुलिस टीम को मुखबिर द्वारा फरार आरोपियों के संबंध में जानकारी दी गई। मुखबिर सूचना के अनुसार अनुसार पुलिस टीम द्वारा मामले में फरार 02 संदेही व्यक्तियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर पूँछताछ किया गया जिनके द्वारा घटना में शामिल होना स्वीकार किया गया। मामले में पुलिस टीम द्वारा दोनो आरोपियों के कब्जे से ठगे गये नगद 62,900 रूपये जप्त किये जाकर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मामले में 01 अन्य आरोपी फरार है जिसकी तलाश पुलिस टीम द्वारा की जा रही है। मामले में विवेचना जारी है। गिरफ्तार आरोपी में राहुल पिता उत्तम सिंह उम्र 33 साल निवासी कुंवरपुर। अरविंद पिता मुलायम सिंह उम्र 24 साल ग्राम कुंवरपुर चौंकी मोहन्द्रा थाना सिमरिया। फरार आरोपी में मामले में 01अन्य आरोपी फरार है।

जप्त मशरूका में पुलिस टीम द्वारा दोनो आरोपियों के कब्जे से फरियादी के साथ ठगे गये नगद 62,900 रूपये जप्त किये गये हैं।

**सराहनीय योगदान**

उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सिमरिया निरीक्षक संदीप दीक्षित, चौकी प्रभारी मोहन्द्रा चौकी प्रभारी सन्तोष सिंह यादव, प्र.आर. रवि पाठक, ईदुल बक्स, अनिल गर्ग, आर. राहुल पटेल एवं नंदू का सराहनीय योगदान रहा । पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उपरोक्त पुलिस टीम को पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है ।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, गुरुवार 12 दिसम्बर 2024




रीवा कलेक्टर के मोहन सभागार में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के संबंध में एक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें अधिकारियों को विस्तार से जानकारियां दी गई। उसी अवसर का दृश्य।



# मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान एवं पर्व का हुआ शुभारंभ

## गीता जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई, मुख्यमंत्री ने लाडली बहनों के खाते में राशि का किया अंतरण

रीवा

प्रदेश में 11 दिसंबर से 26 जनवरी तक आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान तथा 11 दिसंबर से 26 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहे मुख्यमंत्री जन कल्याण पर्व का मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल से शुभारंभ किया। भोपाल में आयोजित गीता जयंती के उपलक्ष्य में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया जिसे स्थानीय जनों ने देखा और सुना। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इस अवसर पर लाडली बहनों के खाते में दिसंबर माह की किस्त का अंतरण किया।









गीता जयंती के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम नगर निगम के टाउन हॉल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विश्व गीता प्रतिष्ठान के प्रतिनिधि श्री उपेन्द्र जी ने गीता सार के संबंध में उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि गीता के माध्यम से भगवान ने हमें कर्म का मार्ग बताया। गीता के संदेश को जन-जन को स्वीकारने की आवश्यकता है। विश्व गीता प्रतिष्ठान के सदस्यों ने श्रीमद् भगवत गीता के कर्म योग पाठ का वाचन किया। इस अवसर पर इस्कान संस्था के सदस्यों ने संकीर्तन की प्रस्तुति दी तथा आदि शंकराचार्य द्वारा रचित महात्म का प्रस्तुतीकरण किया। क्षेत्रीय संचालिका ब्राम्ह्माकुमारी संस्थान निर्मला दीदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि गीता महोत्सव का आयोजन आनंद की अनुभूति देता है। गीता कर्म का बीज है। इससे नवीन जीवन की अनुभूति होती है। राजयोगी व्ही के प्रकाश ने गीता ज्ञान सर्व धर्म समभाव एवं विश्व कल्याण के बारे में उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि सभी को एक सूत्र में बांधने का कार्य गीता द्वारा होता है। इस दौरान गीता मानस का परिचय राजेश गिरी जी द्वारा दिया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों के क्रम में वेदांता पब्लिक स्कूल के प्रतिभागियों ने श्री कृष्ण एवं श्री राधा का चरित्र प्रस्तुत किया। ब्राम्ह्माकुमारी संस्थान के छात्र-छात्राओं ने कृष्णमय स्वर्णिम दुनिया का सजीव प्रस्तुतीकरण किया। इस अवसर पर श्रीमद् भगवत गीता को समझने हेतु मूल विधि से भी विश्व गीता संस्थान के प्रतिनिधियों ने प्रबुद्ध जनों को अवगत कराया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस्कान एवं विश्व गीता प्रतिष्ठान द्वारा प्रस्तुत गीता आरती से कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर निगम श्री व्यंकटेश पाण्डेय, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े, सहायक आयुक्त दीपावली द्विवेदी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय, पार्षदगण सहित नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी, प्रबुद्धजन, लाड़ली बहने तथा स्थानीय जन उपस्थित रहे। इसके साथ ही गीता जयंती पर लक्ष्मणबाग संस्थान स्थित गौशाला में गौ पूजन किया गया तथा गौ माता को गुड़, चना एवं आहार खिलाया गया।

## उप मुख्यमंत्री आज आयेंगे रीवा

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल 12 दिसंबर को भोपाल से वायुयान द्वारा रवाना होकर प्रातः 10.05 बजे रीवा आयेंगे तथा प्रातः 11.15 बजे अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के 12वें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल अपरान्ह 1.30 बजे एसएस मेडिकल कालेज में मेमोग्राफी मशीन के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा मेडिकल कालेज का भ्रमण करेंगे।

## उप मुख्यमंत्री ने पूजनीय सियाराम बाबा को दी श्रद्धांजलि

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने मध्यप्रदेश के पावन निमाड़ क्षेत्र के महान संत, परम पूज्य सियाराम बाबा जी के ब्राह्मालीन होने पर गहन शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा कि पूज्य बाबा जी का प्रयाण आध्यात्मिक और सामाजिक क्षेत्र के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

# राज्यपाल आज आएंगे रीवा

## राज्यपाल दीक्षांत समारोह में होंगे शामिल

रीवा



प्रदेश के राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल एक दिवसीय प्रवास पर 12 दिसम्बर को रीवा आएंगे। राज्यपाल प्रातः 8 बजे भोपाल से वायुयान से रवाना होकर प्रातः 10 बजे एयरपोर्ट रीवा पहुंचेंगे। राज्यपाल श्री पटेल प्रातः 10.10 बजे सर्किट हाउस रीवा पहुंचेंगे। राज्यपाल श्री पटेल प्रातः 11.20 बजे सर्किट हाउस रीवा से प्रस्थान कर प्रातः 11.30 बजे अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय पहुंचेंगे। राज्यपाल अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान करेंगे। राज्यपाल दोपहर एक बजे अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय से प्रस्थान कर दोपहर 1.10 बजे सर्किट हाउस पहुंचेंगे। राज्यपाल सर्किट हाउस से दोपहर 1.50 बजे प्रस्थान करके दोपहर 2 बजे श्यामशाह मेडिकल कालेज के संजय गांधी अस्पताल पहुंचेंगे। राज्यपाल अस्पताल में बनाए गए सेंटर आफ एक्सीलेंस फार प्री-नेटल डायग्नोसिस आफ हीमोग्लोबिनोपैथीज का भ्रमण करेंगे। राज्यपाल दोपहर 2.16 बजे डॉ बीसी राय सभागार पहुंचकर सिकल सेल एनीमिया से पीड़ितों के परिजनों से संवाद करेंगे। इसके बाद राज्यपाल कैंसर रोग की जाँच के लिए स्थापित मैमोग्राफी मशीन का लोकार्पण करेंगे। राज्यपाल दोपहर 2.30 बजे एयरपोर्ट पहुंचकर वायुयान से बनारस के लिए प्रस्थान करेंगे। राज्यपाल दोपहर बाद 3 बजे बनारस एयरपोर्ट पहुंचेगे तथा सर्किट हाउस पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे।

## कोई भी स्कूल सुबह 9 बजे से पहले शुरू न करें : कलेक्टर

**रीवा।** जिले में तापमान में लगातार गिरावट हो रही है। ठण्ड से विद्यार्थियों को बचाने के लिए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने स्कूलों को सुबह 9 बजे से पहले न शुरू करने के आदेश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि इस संबंध में शासन द्वारा जारी आदेशों का सभी शासकीय और अशासकीय स्कूल के संचालक कठोरता से पालन करें। सुबह अधिक ठण्ड रहने के कारण विद्यार्थियों को स्कूल पहुंचने में कठिनाई होती है। विद्यार्थियों के स्वास्थ्य रक्षा को ध्यान में रखते हुए स्कूल का संचालन सुबह 9 बजे से पहले शुरू न करें। इसका उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## अल्पविराम परिचय कार्यशाला का आयोजन आज से जनपद स्तर पर

**रीवा।** शासकीय कर्मचारियों में आनंद की अनुभूति कराने एवं उनके दैनंदनीय कार्यों में सकारात्मकता के भाव में वृद्धि के उद्देश्य से जनपद स्तर पर अल्पविराम परिचय कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया कि रायपुर कर्चुलियान में 12 दिसम्बर को, रीवा में 13 दिसम्बर को, सिरमौर में 17 दिसम्बर को, जवा में 18 दिसम्बर को, त्योंथर में 19 दिसम्बर को तथा गंगेव में 20 दिसम्बर को राज्य आनंद संस्थान भोपाल के सहयोग से प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला में ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास तथा शिक्षा विभाग के 10-10 प्रतिभागियों तथा स्वास्थ्य, राजस्व, पुलिस, नगरीय निकाय, कृषि व जन अभियान परिषद के पाँच-पाँच शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों सहित प्रत्येक जनपद में 60 प्रतिभागियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# अधोसंरचना विकास के साथ उपकरणों की उपलब्धता की जाये सुनिश्चित : उप मुख्यमंत्री

## चिकित्सा उपकरणों की खरीदी और ट्रांसफर पोर्टल की तैयारी की समीक्षा की

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि प्रदेश के हर क्षेत्र में उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए अधोसंरचना के विस्तार और अत्याधुनिक उपकरणों की खरीदी के प्रयास तेजी से किए जा रहे हैं। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि ये सेवाएं समय पर आम नागरिकों तक पहुँचे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में प्रदेश के विभिन्न जिला चिकित्सालयों



और कैंसर अस्पतालों में अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए की जा रही खरीदी प्रक्रिया की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निर्देश दिये कि अधोसंरचना विकास के साथ-साथ आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को प्रक्रिया की सतत मॉनीटरिंग कर समयसीमा के भीतर उपकरण खरीदी का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने सीटी स्कैन, एमआरआई, कैथलैब, पेट-स्कैन, लाईनैक, और ब्रेकी-थेरेपी जैसे उन्नत उपकरणों की खरीदी प्रक्रिया की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने प्रदेश के चिकित्सकीय संस्थानों में औषधि एवं कंज्यूमेबल की उपलब्धता की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि उक्त सामग्री आवश्यकतानुसार संस्थानों में उपलब्ध हों, यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने ट्रांसफर पोर्टल की तैयारी की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यह पोर्टल सुविधाजनक और पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करेगा। उन्होंने विभागीय स्तर पर पोर्टल को और अधिक दुरुस्त करने के निर्देश दिये ताकि ट्रांसफर प्रक्रिया में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## अपर कमिश्नर परमार को दी गई भावभीनी विदाई

# सरलता और हसमुख स्वभाव के लिए सदैव याद किए जाएंगे परमार : डीआईजी

**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय में पदस्थ अपर कमिश्नर अरूण परमार का स्थानांतरण उप सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय के लिए हो गया है। श्री परमार को कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह में डीआईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय ने बताया कि श्री परमार सदैव अपनी कार्यकुशलता, सरलता और हसमुख स्वभाव के लिए याद किए जाएंगे। कठिन परिस्थितियों को भी सरलता से सुलझाने की आपकी



क्षमता का लाभ मुख्यमंत्री कार्यालय को मिलेगा। डीआईजी ने श्री परमार को शुभमामनाएं दी। अपर कमिश्नर श्री परमार ने कहा कि रीवा में मेरा कार्यकाल कम समय का रहा लेकिन यहाँ की आत्मीयता और कर्मचारियों की कर्मठता सदैव याद रहेगी। हमारी पूरी टीम ने लगातार प्रयास करके वर्षों से लंबित प्रकरणों का निराकरण किया। रीवा में कार्य करने का अनुभव मुझे हमेशा काम आएगा। समारोह में संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी ने कहा कि अपर कमिश्नर का स्नेह और मार्गदर्शन कमिश्नर कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए बहुत बड़ा संबल था। आप हमेशा सबको याद आएंगे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए रीडर अवनीश शर्मा ने कहा कि रीवा संभाग ने परमार सर के नेतृत्व में राजस्व प्रकरणों के निराकरण में पहली बार प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## जनकल्याण अभियान के लिए कंट्रोल रूम शुरू

**रीवा।** जिले में 11 दिसम्बर से 26 जनवरी तक मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान की निगरानी के लिए तथा महत्वपूर्ण सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम कलेक्ट्रेट कार्यालय में बनाया गया है। इसके साथ-साथ सभी विकासखण्डों में कंट्रोल रूम बनाए गए हैं। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम का नोडल अधिकारी जिला प्रबंधक लोक सेवा रविकांत पाण्डेय को बनाया गया है। सहायक नोडल अधिकारी के रूप में कृपाशंकर सोंधिया जिला पंचायत को तैनात किया गया है। कलेक्टर ने कंट्रोल रूम के अधिकारियों और कर्मचारियों को जनकल्याण अभियान के दौरान शिविरवार लाभांवित हितग्राहियों की जानकारी एकत्रित कर उसे सीएम हेल्पलाइन पोर्टल में प्रतिदिन दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

# जिले में समर्थन मूल्य पर 11 दिसम्बर तक 518504 क्विंटल हुई धान की खरीद

रीवा

किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए पंजीकृत किसानों से जिले भर में बनाये गये 93 खरीदी केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन 2 दिसंबर से किया जा रहा है। किसानों से एफएक्यू धान 2300 रूपये प्रति क्विंटल की दर से सहकारी समितियों द्वारा खरीदी जा रही है। जिले में अब तक 8205 किसानों से अब तक 518504 क्विंटल धान की खरीद की गयी है। इस संबंध में संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी खाद्य पीके पाण्डेय ने बताया कि अब तक की गयी खरीदी के लिए किसानों को एक अरब 19 करोड़ 25 लाख 59 हजार 884 रूपये मंजूर किये जा चुके हैं। किसान अपनी सुविधा के अनुसार स्लॉट बुक करके खरीदी केन्द्र और खरीदी के समय का निर्धारण करके समर्थन मूल्य पर धान दे सकते हैं। खरीदी के लिए अब तक 29 हजार 282 किसानों ने स्लॉट बुक कराये हैं। किसान खरीदी केन्द्रों में सुखाकर तथा साफ करके धान लायें जिससे गुणवत्ता के कारण धान के उपार्जन में किसी तरह की परेशानी न हो।

# कलेक्टर ने जनकल्याण पर्व के कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण



**रीवा।** जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 11 दिसम्बर से जनकल्याण पर्व और जनकल्याण अभियान शुरू हो गया है। अभियान की मानीटरिंग के लिए कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिला स्तरीय कंट्रोल रूम बनाया गया है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते हुए कहा कि सभी सेक्टर आफीसर तथा शिविर प्रभारी से सतत संपर्क रखें। शिविर में प्राप्त आवेदन तथा उनके निराकरण की जानकारी प्रतिदिन दर्ज करें। सेक्टर प्रभारियों के भ्रमण पर भी निगरानी रखें। शिविरों तथा अन्य कार्यक्रमों में शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों के फोटो तथा वीडियो प्राप्त करके जनसम्पर्क कार्यालय के माध्यम से प्रचार प्रसार कराएं। नगरीय निकायों तथा जनपद पंचायतों में जनकल्याण अिभियान के लिए तैनात दल प्रभारियों, सेक्टर आफीसरों तथा नोडल अधिकारियों के नाम एवं फोन नम्बर कंट्रोल रूम में तत्काल उपलब्ध करा दें। इनसे कंट्रोल रूम के अधिकारी सतत संपर्क में रहें। निरीक्षण के समय अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े, परियोजना अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती फरहत जैब तथा कंट्रोल रूम के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने कट्टा लेकर आमजन में भय, दहशत गर्दी फैलाने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

**रीवा।** पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह जिला रीवा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला रीवा एवं एसडीओपी सिरमौर जिला रीवा के माग 'दर्शन में थाना प्रभारी सेमरिया निरी. श्रृंगेश सिंह राजपूत के नेतृत्व में हमरा स्टाफ व्दारा कट्टा लेकर आमजन में भय / दहशत गर्दी फैलाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

घटना का संक्षिप्त विवरण में दिनांक 10.12.2024 को सूचना प्राप्त होने पर रेड कार्यवाही के दौरान अभियुक्त सत्यम साकेत पिता रामभान साकेत उम्र 21 साल निवासी ग्राम जोगिनिहाई थाना सेमरिया जिला रीवा के आधिपत्य से एक अदद लोहे का देशी कट्टा जप्त किया जाकर आयुध अधिनियम का धाराओ के अन्तर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया एवं गिरफ्तार किये गये आरोपी से लोहे का कट्टा प्राप्त करने के संबंध में पूंछे जाने पर उक्त देशी कट्टा गाँव के ही अपचारी बालक ए से 3,000 रुपये में खरीदना बताया जिसपर से अपचारी बालक ए को भी अभिरक्षा में लेकर पूंछतांछ कर आरोप सिद्ध पाए जाने से अपचारी बालक को भी गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त सत्यम साकेत को माननीय न्यायालय पेश किया गया है एवं अपचारी बालक ए को किशोर न्यायालय जिला रीवा में पेश किया गया हो जो आरोपी सत्यम साकेत को जेल निरुद्ध किया गया एवं बाल अपचारी ए को बाल संप्रेषण गृह भेजा गया है ।

नाम पता आरोपी सत्यम साकेत पिता रामभान साकेत उम्र 21 साल निवासी ग्राम जोगिनिहाई थाना सेमरिया जिला रीवा (म.प्र.)। अपचारी बालक। जप्त मशरूका 01 अददलोहे का देशी कट्टा कीमती 3,000 रुपये

कार्यवाही में सहयोगी निरी. श्रृंगेश सिंह राजपूत, उनि. लंकेश वर्मा, सउनि. रामकृष्ण गौतम, प्र.आर.970 हफीजुर्रहमान, प्र. आर.263 प्रमोद अग्निहोत्री, आर. 756 कमलेश्वर त्रिपाठी, आर.132 चन्द्रकमल पाण्डेय, आर.119 अरुणेश तिवारी।


आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सूवधा

अब रीवा (म.प्र.) के लाइफ केयर हॉस्पिटल में

लेज़र मशीन द्वारा

बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू

लेजर फायदें

- अस्पताल में रहने की आवश्यकता नहीं
- ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
- रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
- किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी
- फिर से होने की संभावना सबसे कम
- कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते है

उपलब्ध सुविधाएँ

- आकस्मिक चिकित्सा इकाई
- गहन चिकित्सा
- खून जाँच एवं डिजिटल एक्स-रे केन्द्र
- दवाईयाँ
- प्रसूति कक्ष
- शल्य चिकित्सा कक्ष
- शल्य कियोत्तर कक्ष

आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सुविधा

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे-

लाइफ केयर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर

जनता कॉलेज रोड, अनन्तपुर रीवा (म.प्र.)

8435896118, 9630131919, 7898847200



स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833